• जयपुर, बुधवार, 11 सितंबर 24 • वर्ष 14 • अंक 27 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950
दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित
विज्ञापन के लिए : 93145 05000

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन, राष्ट्रनिर्माण का आधार है: दिया कुमारी...
पेज @4 महादेव की शाही सवारी में उमड़ा जन सैलाब ...
पेज @8 डीजीपी ने पांच साल की बालिका को अपहरणकर्ता के चंगुल से छुड़ाने वाले...

दक्षिण कोरियाई कंपनियों ने राजस्थान में खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य सेवा, स्टोन्स, माइनिंग, एनर्जी स्टोरेज, कार्बन फाइबर उत्पादन जैसे क्षेत्रों में शामिल होने में दिखाई रुचि

दक्षिण कोरिया यात्रा के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने सियोल टेक्निकल हाई स्कूल का दौरा किया, राजस्थान में ऐसे संस्थानों की स्थापना के लिए आमंत्रित किया

राजस्थान से स्टोन्स का निर्यात बढ़ाने के लिए कोरियन स्टोन एसोसिएशन के साथ हुई चर्चा

सैमसंग हेल्थकेयर ने अक-आधारित नए स्वास्थ्य सेवा उपकरण उपलब्ध कराने के लिए राजस्थान के चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग के साथ सहयोग करने में रुचि दिखायी

एलएक्स इंटरनेशनल ने राज्य के माइनिंग सेक्टर में आने की इच्छा जतायी

ओरियन कॉर्पोरेशन ने भिवाड़ी में अपने कारखाने और राज्य के लिए अपनी योजनाओं पर चर्चा की

ह्योसंग कॉर्पोरेशन भारत में स्थानीय स्तर पर कार्बन फाइबर उत्पादन करने पर विचार कर रही है

चमकता राजस्थान

जयपुर। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल की यात्रा के दूसरे दिन मंगलवार को कई दक्षिण कोरियाई कंपनियों ने प्रदेश में अवसरों की तलाश करने और राज्य में अपने व्यवसाय का विस्तार करने में अपनी रुचि दिखायी है। इसमें सैमसंग हेल्थकेयर, एलएक्स इंटरनेशनल, ओरियन कॉरपोरेशन, 'ासंग कॉरपोरेशन के साथ-साथ कोरियन स्टोन एसोसिएशन सहित कई अन्य दक्षिण कोरियाई कंपनियां शामिल हैं।

प्रतिनिधिमंडल के संग चर्चा के दौरान, सैमसंग हेल्थकेयर ने राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर अक-आधारित नए हेल्थकेयर डिवाइसेज उपलब्ध कराने में अपनी रुचि दिखायी। वहीं, ओरियन कॉरपोरेशन ने अपने भिवाड़ी मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट की चर्चा करते हुए राजस्थान के लिए अपनी विस्तार योजनाओं पर चर्चा की। एक अन्य दक्षिण कोरियाई फर्म एलएक्स इंटरनेशनल ने राज्य के माइनिंग सेक्टर में काम करने की इच्छा जताई, खास कर लाइमस्टोन (स्टील ग्रेड), सिलिका, जिप्सम, लिग्नाइट, रेयर अर्थ मिनरल्स और अक्षय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में। एक अन्य प्रमुख दक्षिण कोरियाई फर्म 'ासंग कॉरपोरेशन भारत में स्थानीय स्तर पर कार्बन फाइबर उत्पादन करने पर विचार कर रही है। इसके अलावा, राजस्थान सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने कोरियन स्टोन एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ एक राइंडटेबल डिस्कशन में भी आज भाग लिया, जिसमें तकनीकी सहयोग, राजस्थान में उत्पादित स्टोन्स की खरीद/वितरण और प्रदेश से निर्यात बढ़ाने पर चर्चा की गई। कोरियन स्टोन एसोसिएशन और सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ स्टोन्स, जो राजस्थान सरकार का उपक्रम है, के बीच सहयोग बढ़ाने की भी संभावनाओं पर भी चर्चा की गयी। कोरिया स्टोन एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल अक्टूबर में राजस्थान का दौरा करेगा। इस चर्चा के दौरान राज्य सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें फरवरी 2026 में जयपुर में आयोजित होने वाले इंडिया स्टोन मार्ट 2026 में भी आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने सियोल तकनीकी हाई स्कूल का भी आज दौरा किया और राजस्थान के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए दक्षिण कोरिया और राजस्थान स्किल एंड लाइवलीहुड्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के बीच आपसी सहयोग पर चर्चा की। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने छात्रों के बीच नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने वाली उल्लेखनीय पहलों, स्कूल के एडवांस्ड टेक्निकल सेंटर को भी देखा, छात्रों के साथ बातचीत की और कक्षाओं में सिखाई जा रही अत्यधिक उन्नत अक तकनीक का अनुभव किया।

इस अवसर पर बोलते हुए, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा, ''युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करना महत्वपूर्ण है। कौशल और व्यावसायिक प्रशिक्षण के व्यावहारिक कार्यान्वयन से प्राप्त ज्ञान युवाओं को सैद्धांतिक समझ के अलावा गतिशील और व्यावहारिक बनाता है। मैं इस प्रतिष्ठित संस्थान को राजस्थान आने और राज्य में एक संस्थान स्थापित करने के लिए आमंत्रित करता हूं।''

एक दिन पहले ही सियोल इन्वेस्टर्स मीट में निवेशकों को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा था कि उनकी सरकार राज्य में शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण में गुणात्मक सुधार पर बहुत जोर दे रही है।

इन बैठकों के साथ, राज्य सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने अपना दक्षिण कोरिया दौरा पूरा कर लिया है और अब 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 की तैयारियों के मद्देनजर यह प्रतिनिधिमंडल अब जापान की यात्रा करेगा। मुख्यमंत्री के साथ दक्षिण कोरिया की यात्रा पर गए इस उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री शिखर अग्रवाल, उद्योग और वाणिज्य के प्रमुख शासन सचिव श्री अजिताभ शर्मा, और राजस्थान सरकार के अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हैं।

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के बारे में

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का आयोजन इस साल 9, 10 और 11 दिसंबर को राजधानी जयपुर में होगा। इसका आयोजन राजस्थान सरकार के तत्वाधान में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन (बीआईपी) और राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन (रीको) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसका नोडल विभाग बीआईपी है। इस इन्वेस्टमेंट समिट के पहले इन्वेस्टर मीट, जो मुंबई में 30 अगस्त को आयोजित हुआ था, के दौरान राजस्थान सरकार ने विभिन्न कंपनियों के साथ 4.5 लाख करोड़ से अधिक के एमओयू (MoUs) साइन किया था।

इस त्रि-दिवसीय मेगा समिट का उद्देश्य देश-विदेश की बड़ी-छोटी कंपनियों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और निवेशकों को राज्य में आ कर काम करने के लिए आमंत्रित करना, प्रदेश में विभिन्न तरह के उद्योग-धंधे लगाने में मदद करना और अनय सुविधाएँ मुहैय्या कराना है। इस ग्लोबल समिट के दौरान कृषि, अक्षय ऊर्जा, शिक्षा और कौशल, ऑटो और ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल्स), इंफ्रास्ट्रक्चर, केमिकल और पेट्रो-केमिकल, पर्यटन, स्टार्टअप, खनन और ईएसडीएम/आईटी और आईटीईएस (ESDM/IT and ITeS) सहित विभिन्न क्षेत्रों पर विशेष सत्र का आयोजन होगा।

महाराष्ट्र बीजेपी चीफ के बेटे की ऑडी ने कई गाडियों को मारी टक्कर, 2 गिरफ्तार

नागपुर/एजेंसी। नागपुर के रामदासपेठ इलाके में एक लग्जरी ऑडी कार ने कई वाहनों को टक्कर मार दी, जिससे दो लोग घायल हो गए। कार का मालिक, महाराष्ट्र बीजेपी प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले के बेटे संकेत बावनकुले के नाम पर रजिस्टर्ड है। इस घटना के बाद पुलिस ने ड्राइवर अर्जुन हावरे और एक अन्य व्यक्ति रोनित चित्तमवार को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि संकेत बावनकुले समेत अन्य तीन लोग घटनास्थल से भाग गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दुर्घटना की शुरुआत रात करीब 1 बजे हुई जब ऑडी कार ने जीतेंद्र सोनकांबले की कार और एक मोपेड को टक्कर मारी। इसके बाद कार ने मनकापुर इलाके की ओर जाते हुए कुछ और वाहनों को टक्कर दी और एक पोलो कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पोलो कार के सवारों ने ऑडी का पीछा किया और मनकापुर पुल के पास उसे रोक लिया। इस दौरान, कार में सवार तीन लोग फरार हो गए।

अजमेर में मालगाड़ी को पलटाने की साजिश

अजमेर/एजेंसी। उत्तर प्रदेश के कानपुर के बाद अब राजस्थान के अजमेर में भी मालगाड़ी को पलटाने की साजिश का मामला सामने आया है। जहां अजमेर के सरधना में रेलवे ट्रैक पर सीमेंट के दो ब्लॉक रखकर मालगाड़ी को डीरेल करने की कोशिश की गई। इसको लेकर पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इससे पहले सोमवार को कानपुर में कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश रची गई थी।

केदारनाथ मार्ग पर गौरीकुंड और सोनप्रयाग के बीच भूस्खलन, पांच तीर्थयात्रियों की मौत

देहरादून/एजेंसी।

उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर भूस्खलन के कारण फंसे तीर्थयात्रियों में से मंगलवार सुबह चार और शव बरामद हुए हैं, जिससे मृतकों की संख्या आज पांच हो गई है। जबकि तीन अन्य को घायल अवस्था में बाहर निकाला गया है। मृतक और घायलों में पड़ोसी देश नेपाल के साथ, मध्य प्रदेश और गुजरात के यात्री शामिल हैं। राहत और बचाव कार्य अभी जारी है।

रूद्रप्रयाग के अपर जिलाधिकारी शयाम सिंह राणा ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि कोतवाली सोनप्रयाग क्षेत्रान्तर्गत, सोनप्रयाग से लगभग 01 किमी दूर गौरीकुण्ड की तरफ हाल ही में हुए भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में गौरीकुण्ड से सोनप्रयाग की ओर आ रहे कुछ यात्री मलबे में दब गए हैं। सूचना पर पुलिस, प्रशासन, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व डीडीआरएफ की ओर से संयुक्त बचाव अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान देर रात तीन व्यक्तियों को घायल अवस्था में बाहर निकाला गया, जबकि एक अचेत अवस्था में मिला जिसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि यहां पर रात के समय खराब मौसम व लगातार मलबा-पत्थर आने के कारण रेस्क्यू टीमों को अपना कार्य करने में दिक्कतें आयी व बचाव कार्य रोकना पड़ा।

राणा के अनुसार, मंगलवार तड×के रेस्क्यू टीमों द्वारा फिर बचाव कार्य शुरू किया गया। इस स्थल पर 3 व्यक्ति (2 महिला व 1 पुरुष) अचेत अवस्था में मिले, जिनको डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि लगातार चले बचाव अभियान के दौरान, कुछ देर बाद रेस्क्यू टीमों को एक और महिला अचेत अवस्था में मिली, जिनको डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किया गया है। इस प्रकार इस हादसे में मृतकों की संख्या 05 हो गई है।

उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान गोपाल पुत्र भक्तराम, निवासी जीजोड़ा, पोस्ट राजोद, जिला धार, मध्य प्रदेश, उम्र 50 वर्ष, दुर्गाबाई खापर पत्नी संघन लाल निवासी नेपावाली, जिला घाट, मध्य प्रदेश, उम्र 50 वर्ष, तितली देवी पत्नी राजेंद्र मंडल, निवासी ग्राम वैदेही, जिला धनवा, नेपाल, उम्र 70 वर्ष, भारत भाई निरालाल पुत्र निरालाल पटेल, निवासी ए 301, सरदार पैलेस करवाल नगर, खटोदरा, सूरत, गुजरात, उम्र 52 वर्ष और समनबाई पत्न ी शालक राम, निवासी झिझोरा, जिला धार मध्य प्रदेश, उम्र 50 वर्ष के रूप में हुई है।

अपर जिलाधिकारी राणा ने बताया कि इसके अतिरिक्त, जीवच तिवारी पुत्र रामचरित, निवासी धनवा नेपाल, उम्र 60 वर्ष, मनप्रीत सिंह पुत्र कश्मीर सिंह, निवासी वेस्ट बंगाल, उम्र 30 वर्ष और छगनलाल पुत्र भक्त राम, निवासी राजोत, जिला धार, मध्य प्रदेश, उम्र 45 वर्ष को घायल अवस्था में रेस्क्यू किया गया है। जिनका उपचार किया जा रहा है।

रूद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि जनपद पुलिस के स्तर से यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत रात्रि के 06:30 बजे के बाद आवाजाही बिल्कुल बन्द कर दी गयी थी। जो लोग इस समयावधि से पहले गौरीकुण्ड से सोनप्रयाग की ओर चले गये थे, उन लोगों के साथ यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि बाधित चल रहा मार्ग पैदल आवागमन के लिए खुल चुका है। सुरक्षा बलों की देखरेख में यात्रियों को सुरक्षित तरीके से सोनप्रयाग की ओर भेजा जा रहा है।

जम्मू-कश्मीर पर रक्षामंत्री का दूरगामी संदेश

जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रचार को एक नई करवट देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ऐसी बातें कहीं है जो घाटी के लोगों के दिलों को छूने वाली होने के साथ प्रांत में नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है एवं गुलाम कश्मीर के लोगों के प्रति सहानुभूति एवं आत्मीयता दर्शाने वाली है। एक दिन पहले करगिल युद्ध को लेकर पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर ने वो बात कुबूल कर ली, जो अब तक सारे पाकिस्तानी जनरल पूरी दुनिया से छिपाते रहे। आसिम मुनीर ने साफ-साफ कहा कि कारगिल जंग में पाकिस्तानी सेना का हाथ था। उनके सैनिकों ने शहादत दी है। इसके अगले ही दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जम्मू-कश्मीर की धरती से ये ऐलान कि अगर पाकिस्तान आतंक छोड़ दे तो उसके साथ बातचीत हो सकती है। यह बयान बहुत कुछ कहता है एवं इसके कई दूरगामी राजनीतिक दृष्टिकोण है। पाकिस्तान समझ चुका है कि कश्मीर में अब उसका कुछ नहीं बचा। रही सही कसर, जम्मू-कश्मीर में हो रहे चुनावों में लोगों की जोरदार भागीदारी ने पूरी कर दी। उसकी सारी उम्मीदों पर पानी फिरता दिख रहा है, ऐसे में वह हकीकत स्वीकार करता नजर आ रहा है।

रक्षामंत्री की कही बातों में पाकिस्तान सरकार को सीधा संदेश दिया गया है। निश्चित ही राजनाथ सिंह के बयान एक अनुभवी एवं कद्दावर नेता के रणनीतिक एवं दूरगामी सोच से जुड़े बयान है, जिनकी प्रतिक्रिया दोनों ही देशों में होने के साथ ही चुनाव में हिस्सेदारी कर रहे राजनीतिक दलों में सुगबुगाहट का बड़ा कारण बना है। कश्मीर में विकास, पर्यटन में भारी वृद्धि, शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनना गुलाम कश्मीर के लोगों को प्रेरित कर रही हैं कि उन्हें भी इस ओर आजाद फिजा में सांस लेने का मौका मिले। ऐसे में रक्षामंत्री ने उन्हें भारत का हिस्सा बनने का निमंत्रण देकर पड़ौसी देश की दुखती रग को छेड़ दिया है एवं पाकिस्तान की नींद उड़ा दी है, बल्कि गुलाम कश्मीर के लोगों में भी नया विश्वास एवं मनोबल जगा दिया है। रक्षामंत्री का यह निमंत्रण बहुत मायने रखता है, इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह ने भी कहा था कि गुलाम कश्मीर हमारा है एवं हम इसे लेकर रहेंगे। गुलाम कश्मीर के लोग भारत से मिलने के लिये उत्सुक है, आंदोलनरत है। क्योंकि पाकिस्तानी शासक उन्हें विदेशियों की तरह देखते हैं। यह एक सच्चाई भी है। पाकिस्तान अपने कब्जे वाले कश्मीर के लोगों का जैसा दमन और शोषण कर रहा है, उसके कई प्रमाण सामने आ चुके हैं। इसी दमन और शोषण के चलते जब-तब वहां पाकिस्तान के खिलाफ सड़कों पर उतरकर लोग भारत जाने की अनुमति भी मांगते रहते हैं। गुलाम कश्मीर में आंदोलन का नेतृत्व कर रहे लोगों को मारा जा रहा है। वहां के लोग यह अच्छी तरह देख रहे हैं कि भारतीय भूभाग में किस तरह तेजी से विकास हो रहा है और उन्हें किस तरह पाकिस्तान की ओर से ठगा जाता रहा है।

रक्षा मंत्री के बयान पर पाकिस्तान क्या कहेगा, कहना कठिन है, लेकिन इसके आसार कम ही हैं कि वह आतंकवाद को समर्थन देने से बाज आएगा। पाकिस्तान की दमनकारी नीतियों के खिलाफ आंदोलन कर रहे इस चुनाव पर सिर्फ भारतीयों नहीं, पूरी दुनिया की नजर है। विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच राजनाथ सिंह ने कहा कि हम गुलाम कश्मीर पर अपना दावा कभी नही छोड़ेंगे। वैसे भी गुलाम कश्मीर के लोग हमारे ही लोग है, उन्हें पाकिस्तान ने कभी अपना माना ही नहीं है। राजनाथ सिंह का गुलाम कश्मीर के लोगों को संदेश पाकिस्तान के ताबूत में आखिरी कील की तरह है। रक्षा मंत्री ने अपने वक्तव्य के जरिये चुनाव के परिदृश्यों को एक नया मोड़ दिया है। उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और कांग्रेस को भी निशाने पर लिया। उनके लिए ऐसा करना इसलिए आवश्यक हो गया था, क्योंकि नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के नेता पाकिस्तानपरस्ती का परिचय देते हुए उससे बात करने पर जोर दे रहे हैं, लेकिन ऐसा करते हुए वे यह रेखांकित नहीं करते कि वार्ता के लिए उसे आतंकवाद पर लगाम लगानी होगी। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी कश्मीर के लोगों को अनुच्छेद-370 की वापसी का भी सपना दिखा रहे हैं। यह दिवास्वप्न के अलावा और कुछ नहीं, क्योंकि अब इस विभाजनकारी और अलगाववाद को बढ़ावा देने वाले अनुच्छेद की वापसी संभव नहीं और इसीलिए रामबन में राजनाथ सिंह ने कहा, भाजपा ने डंके की चोट पर अनुच्छेद 370 हटाकर जम्मू-कश्मीर में शांति और समृद्धि का रास्ता बनाया है। किसी माई के लाल में हिम्मत नहीं कि वह इस अनुच्छेद को वापस ला सके। ऐसा कहते हुए उन्होंने कांग्रेस को भी निशाने पर लिया, जो कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है और अनुच्छेद-370 की वापसी के उसके वादे पर मौन धारण किए हुए है।

पाकिस्तान व घाटी के विभिन्न सियासी दल बार-बार अनुच्छेद 370 का जिक्र कर दुनिया के सामने कहते रहे हैं कि 370 हटने से कश्मीर के लोग नाराज हैं। इस झूठ को खुलासा स्वयं कश्मीर की जनता ने लोकसभा चुनाव में वोटिंग के जरिये किया है। घाटी में चुनाव में हिस्सेदारी कर रहे हैं राजनीतिक दल पाकिस्तानी राग अलापते रहे हैं। उमर अब्दुल्ला इस वक्त अफज़ल को दी गयी फांसी के विवाद में घिर चुके हैं। उन्होंने कह दिया कि अफज़ल को फांसी देना गलत था। अफज़ल संसद पर हमले का ज़िम्मेदार था, उसकी तरफदारी कर नेशनल कान्फ्रेंस स्पष्ट रूप से जता रही है कि वह आतंकवादियों से मिली हुई है या उनकी तरफदारी कर रही है और कांग्रेस उसकी साथी है।

ऐसे में कांग्रेस को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह नेशनल कॉन्फ्रेंस के घोषणापत्र में किए गए वादों से सहमत है? उसे यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह उमर अब्दुल्ला के इस आकलन से सहमत है कि संसद पर हमले की साजिश रचने वाले अफजल गुरु को फांसी की सजा देने से कुछ हासिल नहीं हुआ? यह अलगाववाद और आतंकवाद के दौर की वापसी के समर्थकों की हमदर्दी हासिल करने वाला ही बयान है और इसीलिए राजनाथ सिंह ने उन पर कटाक्ष किया कि अफजल को फांसी न दी जाती तो क्या उसके गले में हार डाले जाते। यह विडंबना ही है कि कांग्रेस उमर अब्दुल्ला के इस बयान पर भी चुप्पी साधे है, जबकि उसे फांसी की सजा मनमोहन सिंह सरकार के समय ही दी गई थी। ऐसे में कश्मीर के लोगों को तय करना होगा कि वे देश प्रेमियों के साथ हैं या देशद्रोहियों के साथ? बहरहाल, धारा 370 हटने के बाद यहाँ पहली बार हुए लोकसभा चुनाव में पचास प्रतिशत से ऊपर मतदान हुआ था जो अच्छा संकेत है। वर्ना इससे पहले तो तीस प्रतिशत मतदान को भी अच्छा समझा जाता रहा।

घुटती सांसों से कम होती औसत आयु की चिंता



ललित गर्ग

वायु प्रदूषण का संकट भारत की राष्ट्रव्यापी समस्या है। यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो की हाल ही में जारी रिपोर्ट इस चिन्ता को बढ़ाती है जिसमें कहा गया कि वायु प्रदूषण के चलते भारत में जीवन प्रत्याशा में गिरावट आ रही है। जिसमें फेफड़ों को नुकसान पहुंचाने वाले पी.एम. 2.5 कण की बड़ी भूमिका है। रिपोर्ट बताती है कि वैश्विक मानकों से कहीं अधिक प्रदूषण भारत में लोगों की औसत आयु तीन से पांच वर्ष एवं दिल्ली में दस से बाहर वर्ष कम कर रहा है। बहरहाल प्रदूषण के खिलाफ योजनाबद्ध ढंग से मुहिम छेड़ने की जरूरत है। अध्ययन कहता है कि देश की एक अरब से अधिक आबादी ऐसी जगहों पर रहती है जहां प्रदूषण डब्ल्यूएचओ के मानकों से कहीं अधिक है। दरअसल, देश के बड़े शहर आबादी के बोझ से त्रस्त हैं। बढ़ती आबादी के लिये रोजगार बढ़ाने व अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए जो औद्योगिक इकाइयां लगायी गई, उनकी भी प्रदूषण बढ़ाने में भूमिका रही है। डीजल-पेट्रोल के निजी वाहनों को बढ़ता काफिला, निर्माण कार्यों में लापरवाही, कचरे का निस्तारण न होना और जीवाश्म ईंधन ने प्रदूषण बढ़ाया है। यह बढता वायु प्रदूषण हमारी जीवन शैली से उपजे प्रदूषण की देन भी है। यह निराशाजनक खबरों के बीच उत्साहवर्धक खबर यह भी है कि भारत में सूक्ष्म कणों से पैदा होने वाले जानलेवा प्रदूषण में गिरावट आई है। लेकिन अभी जीवन प्रत्याशा घटाने वाले प्रदूषण को लेकर जारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट 'वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक-2024' बताती है कि भारत में साल 2021 की तुलना में 2022 के वायु प्रदूषण में 19.3 फीसदी की कमी आई है। हालांकि, यह उपलब्धि मौजूदा हालात में बहुत बड़ी तो नहीं कही जा सकती है, लेकिन यह बात उत्साहवर्धक है कि प्रत्येक भारतीय की जीवन प्रत्याशा में इक्यावन दिन की वृद्धि हुई है। हालांकि, हम अभी विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों की कसौटी पर खरे नहीं उतरे हैं, लेकिन एक विश्वास जगा है कि युद्ध स्तर पर प्रयासों से भयावह प्रदूषण के खिलाफ किसी हद तक जंग जीती भी जा सकती है। लेकिन इसके साथ ही सूचकांक-2024 में यह चेताया भी है कि यदि भारत में डब्ल्यूएचओ के वार्षिक पीएम 2.5 के सांद्रता मानक के लक्ष्य पूरे नहीं होते तो भारतीयों की जीवन प्रत्याशा में करीब साढ़े तीन साल की कमी आने की आशंका पैदा हो सकती है। पीएम 2.5 श्वसन प्रणाली में गहराई तक प्रवेश कर सकता है और सांस संबंधी समस्याओं को जन्म देता है। यह स्वास्थ्य को एक बड़ा खतरा है और वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारक है।

हालांकि, राजधानी समेत कई अन्य राज्यों में मेट्रो ट्रेन शुरू होने के बाद प्रदूषण में काफी कमी आई है। इस दिशा में हमें दीर्घकालीन नीतियों के बारे में सोचना होगा। हमारी कोशिश हो कि घनी आबादी के बीच चलायी जा रही औद्योगिक इकाइयों को

शहरों से दूर स्थापित किया जाए। हमारे उद्यमियों को भी जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रदूषण नियंत्रण में योगदान देना चाहिए। नीति-नियंताओं को सोचना चाहिए कि प्रदूषण में अप्रत्याशित वृद्धि के बाद दिल्ली आदि महानगरों में चलाये जाने वाले ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान यानी ग्रेप जैसी व्यवस्था को नियमित रूप से लागू क्यों नहीं किया जा सकता? ताजा कुछ अध्ययनों में बताया गया है कि बढ़ता प्रदूषण नवजात शिशुओं तथा बच्चों की जीवन प्रत्याशा पर बुरा प्रभाव डाल रहा है। ऐसे में हमें पराली के निस्तारण, औद्योगिक कचरे के नियमन तथा कार्बन उत्सर्जन करने वाले ईंधन पर रोक लगाने जैसे फौरी उपाय तुरंत करने चाहिए। ऐसे तमाम प्रदूषण स्रोतों को नियंत्रित करने की जरूरत है जो हमारे जीवन पर संकट पैदा कर रहे हैं।

अध्ययन कहता है कि भारत के सबसे कम प्रदूषित शहर भी डब्ल्यूएचओ के निर्धारित मानकों से सात गुना अधिक प्रदूषित हैं। हम न भूलें कि देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की गिनती लगातार दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानियों में होती रही है। दीवाली के बाद जब दिल्ली गहरे प्रदूषण के आगोश में होती है तो कोर्ट से लेकर सरकार तक अति सक्रियता दर्शाते हैं। लेकिन थोड़ी स्थिति सामान्य होने पर परिणाम वही 'ढाक के तीन पात'। कभी पेट्रोल-डीजल के नये मानक तय होते हैं तो कभी जीवाश्म ईंधन पर रोक लगती है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने वर्ष 2019 में प्रदूषण कम करने को राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम देश के सौ से अधिक शहरों में शुरू किया था। चार साल बाद पता चला कि किसी भी शहर ने अपने लक्ष्य को पूरा नहीं किया। विकासशील देश पहले ही निर्धारित वायु गुणवत्ता के मानक पूरा नहीं कर पा रहे हैं, वहीं डब्ल्यूएचओ ने मानकों को और कठोर बना दिया है। सभी सरकारों व नागरिकों का दायित्व बनता है कि अपने-अपने स्तर पर प्रदूषण को कम करने वाली जीवन शैली अपनाएं। हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि पूरी दुनिया में सत्तर लाख मौतें हर साल प्रदूषित वायु के चलते हो रही हैं। उल्लेखनीय है कि भारत के राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक के अनुसार हवा में पीएम 2.5 और पीएम 10 के वार्षिक स्तर की सुरक्षित सीमा क्रमशः चालीस माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और साठ माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर होनी चाहिए। हालांकि, ये मानक विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशानिर्देशों के अनुसार निर्धारित मानकों से कहीं ज्यादा हैं। दरअसल, हमारे नीति-नियंता प्रदूषण कम करने के लिये नागरिकों को जागरूक करने में भी विफल रहे हैं। हमारी सुख-सुविधा की लालसा एवं भौतिकतावादी जीवनशैली की चमक ने भी वायु प्रदूषण बढ़ाया है। अब चाहे गाहे-बगाहे होने वाली आतिशबाजी हो, प्रतिबंध के बावजूद पराली जलाना हो, या फिर सार्वजनिक परिवहन सेवा से परहेज हो, तमाम कारण प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। कल्पना कीजिए बच्चों और दमा, एलर्जी व अन्य सांस के रोगों से जूझने वाले लोगों पर इस प्रदूषण का कितना घातक असर होगा?

रिपोर्ट में उल्लेखित प्रदूषण में आई गिरावट की वजह अनुकूल मौसम संबंधी परिस्थितियां बतायी गई हैं। हालांकि, हकीकत यह भी है कि प्रदूषण नियंत्रण के लिये चलायी जा रही कई योजनाओं के सकारात्मक परिणामों का भी इसमें योगदान रहा है। खासकर भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत जिन शहरों को शामिल किया गया था, वहां भी पीएम-2.5 सांद्रता में गिरावट देखी गई है। वहीं स्वच्छ ईंधन कार्यक्रम का सकारात्मक प्रभाव प्रदूषण नियंत्रण पर नजर आया है। इससे भारत के रिहाइशी इलाकों में कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद मिली है। ऐसी योजनाओं को पूरे देश में लागू करने का सुझाव भी दिया गया है। बहरहाल, हमें वर्ष 2022 के उत्साहजनक परिणामों के सामने आने के बाद व्यापक लक्ष्यों के प्रति उदासीन नहीं होना है। यह एक लंबी लड़ाई है और इसमें सरकार व समाज की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। हमें इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि सरकारों के भरोसे ही लगातार गहराते पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सकता है।

निश्चित ही वायु प्रदूषण से उत्पन्न दमघोटू माहौल का संकट जीवन का संकट बनता जा रहा हैं। वायु प्रदूषण का ऐसा विकराल जाल है जिसमें मनुष्य सहित सारे जीव-जंतु फंसकर छटपटा रहे हैं, जीवन सांसों पर छाये संकट से जूझ रहे हैं। यह समस्या साल-दर-साल गंभीर होती जा रही है। सरकारें अनेक लुभावने तर्क एवं तथ्य देकर समस्या को कमतर दिखाने की कोशिशें करती है। लेकिन हकीकत यही है कि लोगों का दम घुट रहा है। अगर वे सचमुच इससे पार पाने को लेकर गंभीर हैं, तो वह व्यावहारिक धरातल पर दिखना चाहिए। प्रश्न है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रहे राष्ट्र को कोई समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती? वास्तव में यह विभिन्न राज्य सरकारों का गैर जिम्मेदाराना व्यवहार है, जिसने सबको जहरीले वायुमंडल में रहने को विवश किया है। इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा। प्रदूषण से ठीक उसी प्रकार लड़ना होगा जैसे एक नन्हा-सा दीपक गहन अंधेरे से लड़ता है। छोटी औकात, पर अंधेरे को पास नहीं आने देता। क्षण-क्षण अग्नि-परीक्षा देता है। पर हां! अग्नि परीक्षा से कोई अपने शरीर पर फूस लपेट कर नहीं निकल सकता।

उच्च शिक्षण संस्थानों के सामाजिक सरोकार



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने विश्वविद्यालयों को सामाजिक दायित्व के प्रति जागरूक बनाया है। इसके पहले विश्वविद्यालयों की भूमिका उच्च शिक्षा तक ही सीमित समझी जाती थी। दीक्षांत समारोह भी उच्च शिक्षा क्षेत्र तक ही सीमित रहते थे। आनंदी बेन पटेल ने पहली बार इस धारणा को बदलने का कार्य किया। उन्होंने यह बताया की विश्वविद्यालयों को सामाजिक सरोकारों के प्रति भी संवेदनशील होना चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए की विश्वविद्यालय केवल स्नातक करने वाले बच्चों पर ही ध्यान दे। उसे तो अपने क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों, गांव, किसान, कौशल विकास आदि सभी के प्रति अपनी भूमिका का विस्तार करना चाहिए। आनंदी बेन पटेल प्रारंभ से ही इस दिशा में कार्य कर रही है। वह दीक्षांत समारोह में आंगनबाड़ी केंद्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने का भी संदेश देती है। बच्चों को शिक्षित और संस्कारी बनाने का संदेश देती है। उनका कहना है कि

शिक्षित और सभ्य लोग ही एक शांतिमय और समृद्ध राष्ट्र के आधार स्तंभ होते हैं। शिक्षा समाज के सभी वर्गों की आकांक्षाओं को पूरा करने वाली होनी चाहिए। आंगनबाड़ी केंद्र देश की नींव होते हैं और मजबूत आधारशिला पर ही मजबूत देश का निर्माण होता है। सरकार एवं समाज को प्राथमिकता से आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं वहाँ पढ़ने वाले बच्चों पर ध्यान देना चाहिए। प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने हेतु देश का एक भी बच्चा अनपढ़ ना हो, सभी को शिक्षा मिले, बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित जांच हो, कुपोषित बच्चों को जन्म देने वाली गर्भवती माताओं का सुपोषण युक्त आहार सुनिश्चित हो। घर एवं आंगनबाड़ी केंद्र से बच्चों को संस्कार मिलता है तथा विभिन्न अनुसंधानों के अनुसार सात से आठ वर्ष की उम्र में बच्चे जीवन का अस्सी प्रतिशत चीज सीखते हैं। अतः घर एवं आंगनवाड़ी का वातावरण अच्छा होना चाहिए तथा बच्चों को अच्छे संस्कार दिए जाने चाहिए। आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चों के घर के परिस्थितियों की जानकारी भी शिक्षकों को होनी चाहिए और हम लोग जहां रहते हैं वहां अधीनस्थ कर्मियों के बच्चों की शिक्षा हेतु भी सक्रिय रूप से कदम उठाने चाहिए। हमें हमारे संस्कार और परंपरा को कभी नहीं भूलना चाहिए। राज्यपाल जी की प्रेरणा से प्रदेश भर में अब तक सोलह हजार से अधिक किटों का वितरण किया जा चुका है। विश्वविद्यालयों और संस्थानों की भूमिका इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

आनंदीबेन पटेल ने स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के समारोह में आंगनवाड़ी केंद्रों को किट वितरित किए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि वे इन किट्स का उपयोग केंद्र के बच्चों के हित में करें। जिस भी आंगनबाड़ी में ये किट प्रदान की गई है, वहाँ बच्चों की संख्या में वृद्धि देखी गई है। आंगनबाड़ी छोटे और गरीब घरों के बच्चों की शिक्षा और विकास के लिए काम करती है। उन्हें विश्वविद्यालयों के साथ जोड़ने की आवश्यकता है। बल जन भागीदारी के बिना कोई भी राष्ट्र प्रगति नहीं कर सकता। आंगनबाड़ियों को ऊपर उठाने के लिए जन भागीदारी को बढ़ावा देना होगा। माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर के द्वितीय दीक्षांत समारोह में भी राज्यपाल ने दो सौ आंगनबाड़ी किट का वितरण किया। इनमें से सौ किट विश्वविद्यालय द्वारा और सौ किट जिला प्रशासन शामली द्वारा प्रदान की गईं। इसके अलावा, प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को मिष्ठान, फल और पुस्तकें उपहार स्वरूप प्रदान की गईं। राजभवन की तरफ से भी इन विद्यार्थियों को दो सौ पुस्तकें प्रदान की गई। राज्यपाल ने कहा कि इस प्रकार के कार्य विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं और औद्योगिक प्रतिष्ठानों के साथ समन्वय स्थापित कर करते रहें। उन्होंने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि गुजरात में मेडिकल की पढ़ाई करने वाली लड़कियों की फीस माफ की गई थी, जिससे शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाया जा सके। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करना ही विकसित भारत का लक्ष्य है। प्रशिक्षण और शिक्षण को बेहतर बनाना होगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि सरकार की योजनाओं का लाभ सभी लोगों तक पहुंचे। शिक्षक केवल ज्ञान के प्रसारक ही नहीं होते, बल्कि वे जीवन के मार्गदर्शक भी होते हैं। उनकी शिक्षा और प्रेरणा से ही विद्यार्थियों का व्यक्तित्व और सोच विकसित होती है। शिक्षक विद्यार्थियों को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समाज में परिवर्तन लाने के लिए उनके प्रयास अद्वितीय होते हैं। विद्यार्थियों को अकादमिक ज्ञान के साथ जीवन की महत्वपूर्ण सीख भी देनी चाहिए। विद्यार्थियों को सोचने,समझने और समस्याओं का समाधान खोजने के लिए प्रेरित करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने के लिए सभी को सहयोग करना चाहिए। देश के विकास के लिए उत्कृष्टता की ओर बढ़ने की आवश्यकता है। भारत को विकसित और आत्मनिर्भर देश बनाने के लिए सभी को प्रयास करना चाहिए। इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। बजट में शिक्षा, कौशल विकास, शोध के लिए बड़े प्रावधान किए गए हैं। जो इस लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक होंगे। इस वर्ष के बजट में शिक्षा के क्षेत्र के लिए अब तक का सबसे बड़ा आवंटन किया गया है। करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपये का प्रावधान शिक्षा के क्षेत्र में किया गया है, जिसमें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के लिए का बजट शामिल है। सरकारी योजनाओं के पात्र नहीं होने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रतिवर्ष एक लाख विद्यार्थियों को दस लाख रुपये तक के ऋण की ब्याज में छूट प्रदान की जाएगी। अगले पांच वर्षों में एक करोड़ विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत भारत की शीर्ष कंपनियों में कार्य करने का अवसर मिलेगा। मॉडल कौशल ऋण योजना के तहत प्रति वर्ष पांच हजार विद्यार्थियों को साढ़े सात लाख रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाएगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के तीन नए केंद्र स्थापित करने का प्रावधान किया गया है।

षड़यंत्र : ट्रेनों को बेपटरी कर निर्दोषों की जान लेने का आतंकी माड्यूल

मनोज कुमार अग्रवाल

देश में ट्रेन को बेपटरी कर निर्दोषों का खून खराबा करने की एक बड़ी साजिश को किसी आतंकी माडयूल के तहत बारंबार रिहर्सल कर अंजाम देने की कोशिश की जा रही है। कौन हैं यह देश के छिपे गद्दार जो किसी मजहबी कट्टरपंथी सोच या पैसे के लिए देश की रेल को बार बार पटरी से उतारने का खूनी खेल रचने के लिए उतावले है? आप जानते हैं कि भारतीय रेल दुनिया का सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है दुनिया के कई देशों की कुल आबादी के बराबर की तादाद में लोग हमारी रेल में हर समय सफर कर रहे होते हैं। दरअसल, भारतीय रेलवे से हर दिन एक लाख किमी से अधिक फैले देशव्यापी ट्रेक नेटवर्क पर करीब ढाई करोड़ यात्रियों को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचाती है। इन दिनों देश में रेल हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है अधिकांश हादसे ट्रेन के पटरी से उतरने के कारण हो रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक, देश में पिछले 14 महीनों में चार बड़े रेल हादसे हुए हैं, जिसमें 320 से ज्यादा यात्रियों ने अपनी जान गंवाई है। रेल को पटरी से उतारने के पीछे असामाजिक तत्वों की शरारत भरी साजिश की आशंका व्यक्त की जा रही थी लेकिन ताजा हादसे में शरारती तत्वों की साजिश के पुख्ता प्रमाण मिले हैं ।

कानपुर मंडल में बीते 24 दिनों में तीसरी बार ट्रेन को दुर्घटनाग्रस्त करने की कोशिश हो चुकी है। गनीमत रही कि तीनों ही साजिश में ट्रेन संचालन तो बाधित हुआ पर किसी में कोई जनहानि नहीं हुई। तीन में से 2 साजिश कानपुर-कासगंज रेलमार्ग पर तो एक साजिश कानपुर-झांसी रेलमार्ग पर रची गई। देश भर में ट्रेनों को बेपटरी कर हजारों रेल यात्रियों की जान से खिलवाड़ करने की कोशिश की जा रही है। यकायक कुछ माह के भीतर ही ऐसी अनेक हादसों की तादाद बढ़ जाना चिंता का विषय है। शुरू में इन हादसों को सामान्य रखरखाव में चूक माना गया लेकिन इस के बाद देश के कई हिस्सों में जिस तरह ट्रेन बेपटरी होने की वारदातों की झड़ी लगी है उसने साफ कर दिया है कि इन हादसों के पीछे सोची समझी साजिश काम कर रही है।

झांसी रेलमार्ग पर बोल्डर को ट्रैक से बांधकर साबरमती एक्सप्रेस को दुर्घटनाग्रस्त करने की जांच ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। हाल ही में कानपुर-बिल्हौर के बीच कालिंदी एक्सप्रेस के सामने भरा गैस सिलेंडर रख उड़ाने की कोशिश की गई पूर्वोत्तर रेलवे ने उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं।

आपको बता दें कि इस से पहले भी दो बार इस तरह की वारदातों को अंजाम देने का षडयंत्र रचाई जा चुका है। इनमें नं1. साबरमती एक्सप्रेस- 22 डिब्बे पटरी से उतरे- पहली घटना 16 अगस्त को कानपुर से अहमदाबाद को चली 19168 साबरमती एक्सप्रेस गोविंदपुरी और भीमसेन के पास बोल्डर (रेल पीस) से टकरा गई। फिर इंजन सहित 22 कोच डिरेल हो गए। वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (एसएजी), जिला पुलिस और एनआईए की जांच में पता चला है कि पुरानी रेल का 1.10 मीटर टुकड़ा झांसी रेलमार्ग पर बोल्ट से बांधा गया था। मौके से रेल टुकड़ा मिला था।दूसरी घटना फर्रुखाबाद-कासगंज पैसेंजर 16 दिन पहले फर्रुखाबाद में घटना को अंजाम देने की कोशिश की गई। बीती 24 अगस्त को फर्रुखाबाद से कासगंज जा रही पैसेंजर ट्रेन के आगे ट्रैक पर लकड़ी का गट्ठर रख दिया गया था। ट्रेन की स्पीड अधिक होने से बड़ा हादसा टला था।अब यह तीसरी वारदात है जिसमें सिलेंडर, पेट्रोल बम रखकर साजिश कल यानी रविवार देर रात को कासगंज रूट पर ट्रैक पर भरा

सिलेंडर रखकर पलटाने की साजिश की गई। मौके पर पेट्रोल बम भी मिलने की आशंका है। फिलहाल ड्राइवर ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी। जांच की जा रही है। तीनों ही मामले ट्रैक से जुड़े हैं। रेलवे की खुफिया एजेंसी का कहना है कि लगता है कि किसी की साजिश है। इज्जतनगर के पीआरओ राजेंद्र सिंह का कहना है कि कालिंदी एक्सप्रेस के सिलेंडर से टकराने का मेमो चालक राजकिशोर ने दिया है। इसकी आरपीएफ टीम जांच कर रही है। सच्चाई का जल्द खुलासा होगा। शिवराजपुर की मुंढेरी क्रॉसिंग के पास कालिंदी एक्सप्रेस से सिलेंडर टकराने की घटना के बाद दो कोल्ड स्टोरेज, भोजनालय और पेट्रोल पम्प समेत अन्य प्रतिष्ठान जांच के दायरे में आ गए हैं। पुलिस और खुफिया एजेंसियों की टीम इन प्रतिष्ठानों के लोगों से सम्पर्क कर वहां से सीसीटीवी फुटेज जुटाने का प्रयास कर रही है।घटनास्थल के 100 से लेकर 300 मीटर के दायरे में दो कोल्ड स्टोरेज, एक भोजनालय, पेट्रोल पम्प और एक मैदा मिल है। फायर स्टेशन क्रॉसिंग के पास ही बना है। पुलिस अफसरों और खुफिया एजेंसियों के लोगों ने सरकारी संस्थानों के अलावा कोल्ड स्टोरेज, मैदा मिल और भोजनालय संचालक से सम्पर्क किया है।पुलिस को जांच करने के दौरान दो सीसीटीवी कैमरे लगे होने की जानकारी मिली है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक घटनास्थल से एक किलोमीटर दूर से आबादी क्षेत्र शुरू हो जाता है। इलाके में हाल फिलहाल कोई नया किराएदार रहने के लिए आया हो जानकारी जुटा रहे हैं।दिल्ली, लखनऊ के सम्पर्क में खुफिया एजेंसियां एटीएस और आईबी के अधिकारी घटना के बाद दिल्ली और लखनऊ के सम्पर्क में हैं। पांच वर्षों में ट्रेनों में हुई संदिग्ध घटनाओं में जो भी नाम प्रकाश में आए हैं। उनके बारे में भी जानकारी जुटाई रहे।

कालिंदी एक्सप्रेस हादसे के बाद पुलिस के रडार पर कानपुर से लेकर कन्नौज तक के अपराधी हैं। पुलिस ने हादसे के बाद छापेमारी की हैं। अभी तक 10 लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं, पुलिस का मानना है कि सिलेंडर और बारूद का भरा झोला शुरुआती क्लू हो सकता है।जिस झोले में बारूद मिली हैं, उस झोले पर एक मिठाई दुकान का नाम लिखा है। यह दुकान कन्नौज में है। अब कन्नौज कनेक्शन भी तलाश जा रहा है। पुलिस ने कन्नौज के उस दुकान का सीसीटीवी फुटेज भी अपने कब्जे में लिया है, जिस दुकान का झोला कानपुर में मिला है। इसलिए पुलिस ने कानपुर से लेकर कन्नौज तक के कई फुटेज अपने कब्जे में लिए हैं। इसके लिए जीआरपी और आरपीएफ को भी सक्रिय किया गया है।

पुलिस इस हाथ से जुड़ी कड़ियों को खोजने का प्रयास कर रही है। इसके लिए पुलिस पकड़े गए संदिग्धों के साथ अलग-अलग पूछताछ कर रही है। इसके अलावा आसपास के जो गांव हैं, वहां पर जो अपराधी प्रवृत्ति के लोग रहते हैं, उनकी पिछले कुछ दिनों की गतिविधियों को भी पुलिस ने जानना शुरू कर दिया है।

हादसे के बाद घटनास्थल के आसपास जितने भी गांव है। वहां पर खुफिया एजेंसी के साथ कई और टीमों को भी सक्रिय कर दिया गया हैं। हादसे के बाहर गांव के हर एक संदिग्ध पर पुलिस की निगाह बनी हुई है।कानपुर में कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश के मामले में शिवराजपुर थाने की पुलिस ने प्रा

महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन, राष्ट्रनिर्माण का आधार है: दिया कुमारी

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित शक्ति उत्सव 'फील्ड की चॅम्पियन्स' 'चयनित सफल-सक्षम महिलाओं और युवतियों' को किया सम्मानित

चमकता राजस्थान

जयपुर, 10 सितम्बर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के अंतर्गत मंगलवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित शक्ति उत्सव को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन, राष्ट्रनिर्माण का आधार है। केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण लिए बेहतर कार्य किये जा रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर,गैस सिलेंडर जैसे कई उपायों और योजनाओं से राज्य में महिलओं का सशक्तिकरण हो रहा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन अनुसार विकसित भारत के निर्माण में राज्य की महिलाएं भी अपना योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अच्छी सड़कों के निर्माण, आवास, पुरूषों के खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से भी महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं की सुरक्षा पर कार्य किया जा रहा है।

दिया कुमारी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण में मीडिया का योगदान भी अपेक्षित है। मीडिया को महिलाओं की उपलब्धियों के प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं के साथ ही पुरूषों की मानसिकता में भी बदलाव की आवश्यकता है। ऐसा करके की महिला सशक्तिकरण किया जाना संभव होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण लिए पूर्ण प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि महिला के सशक्तिकरण में पूरे परिवार का सहयोग और योगदान की आवश्यता होती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को किसी भी हाल में हार नहीं माननी चाहिए, महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि महिला उत्थान के लिए महिलाओं को ही आगे आना होगा, इसी से बदलाव आएगा।

भव्य सामुदायिक सम्मेलन शक्ति उत्सव में महिला एवं बाल विकास की उपलब्धियों को साझा करने वाली 'फील्ड की चॅम्पियन्स' 'चयनित सफल/सक्षम महिलाओं और युवतियों' को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पोषण और स्वास्थ्य संबंधित जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'सुरक्षित मां , स्वस्थ बच्चा' जागरूकता अभियान का शुभारंभ भी किया गया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने ने इस अवसर आदिवासी महिलाओं की लगाई गई एक फोटो प्रदर्शनी का भी फीता काट कर उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी ग्रामीण महिलाओं की पोषण और शिशु देखभाल से जुड़ी समस्याओं पर केंद्रित थी, जिसमें किए गए हस्तक्षेपों के परिणामस्वरूप विविध आहार और बेहतर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार हुआ।

महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मंजु बाघमार ने इस अवसर पर कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए उनके बेहतर स्वास्थ्य और अच्छे पोषण के साथ ही उनके मानसिक सशक्तिकरण होना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसी से बेहतर समाज का निर्माण संभव होगा। उन्होंने इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण के लिए आईपीई ग्लोबल और सीआईएफएफ की ओर से किये जा रहें योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, 'सुपोषित भारत' की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रत्येक वर्ष सितंबर माह में पोषण माह का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष भी राजस्थान राज्य में 1 सितंबर से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया गया है। महिला एवं बाल विकास शासन सचिव महेन्द्र सोनी ने स्वागत उद्बोधन करते हुए कहा कि हमारी उपमुख्यमंत्री महिला उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने विभागीय योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि एक भी पात्र को योजनाओं के लाभ लेने से वंचित नहीं रहने देंगे। शक्ति की इस मशाल को जलाकर रखें और इस विकास यात्रा को निरंतर गति प्रदान करें।

इस अवसर पर सर क्रिस होन ने कहा 'आज हम सिर्फ़ इस साझेदारी का ही उत्सव नहीं मना रहे हैं, बल्कि यहां की महिलाओं के जीवन में जो बदलाव आया है आज हम उसकी खुशियां भी बांट रहे हैं। 2015 से हमने महिलाओं और लड़कियों को अधिक अवसर देने के लिए शुरू की गई कुछ पहलों पर लगभग 570 करोड़ रुपये का निवेश किया है। हमारे इन निवेश में कैश ट्रांसफर के लिए तकनीकी सहायता और कौशल विकास जैसी पहल शामिल हैं। अकेले राजपुष्ट कार्यक्रम ने पांच लाख महिलाओं को शामिल किया है। ये सिर्फ़ कार्यक्रम नहीं हैं, ये बदलाव के ब्लूप्रिंट हैं जिन्हें पूरे भारत और दुनिया भर में अपनाया जाना चाहिए।

सीआईएफएफ की कार्यकारी निदेशक मंजुला सिंह ने कहा कि 'राजस्थान सरकार के साथ मिलकर हमने जो काम किए हैं और लोगों की जिंदगी में हम जो बेहतर बदलाव लेकर आए हैं, उस पर हमें बहुत गर्व है। लड़कियों और महिलाओं पर CIFF का यह फोकस वैश्विक स्तर पर हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारा मानना है कि जब लड़कियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य और रोजगार मिलता है, तो समाज पर इसका एक बड़ा असर पड़ता है। यह समाज में बदलाव लाता है और देश के विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करता है।

संक्षिप्त समाचार

प्रदेशभर में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से मनाया गया परमवीर चक्र सम्मानित अब्दुल हमीद का 59वां बलिदान दिवस

● पेश की गई खिराजे अकीदत (श्रद्धांजलि)

चमकता राजस्थान/जयपुर। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से आज प्रदेशभर में 1965 के भारत-पाक युद्ध के महानायक अमर वीर शहीद परमवीर चक्र सम्मानित अब्दुल हमीद का 59वां बलिदान दिवस मनाया गया।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने बताया कि भाजपा प्रदेश कार्यालय, जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में खिराजे अकीदत (श्रद्धांजलि) पेश की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं खण्डार विधायक जितेन्द्र गोठवाल रहे। इस दौरान जितेन्द्र गोठवाल ने कहा कि परमवीर चक्र सम्मानित अब्दुल हमीद की देशभक्ति, वीरता, जीवनी के बारे में सभी को विस्तार से जानना चाहिए। सभी कार्यकर्ताओं ने उनके लिए दुआ-ए-मगफिरत की एवं देश में अमन, चैन, खुशहाली के लिए भी दुआ की गई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एम. सादिक खान, मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जंग बहादुर पठान, प्रदेश मंत्री मुराद अली शेख, जयपुर शहर जिला महामंत्री एम. परवेज खान, जिला मंत्री नदीमुद्दीन अंसारी, भाजपा मण्डल महामंत्री संयुम अली, मण्डल अध्यक्ष इकबाल हुसैन, मण्डल महामंत्री मोहम्मद हाशिम खान सहित मोर्चा के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सरमथुरा उपखंड की ग्राम पंचायत बिलौनी वासी इस दौर में भी तरस रहे रास्ते को

चमकता राजस्थान/धौलपुर से (रामदास तरुण) की प्रमुख खबर सरमथुरा उपखंड की ग्राम पंचायत बिलौनी में माता का विख्यात मंदिर बना हुआ है! एवं बिलोनी गांव का भी रास्ता जो कि मुख्य रास्ता है! जहां पर पक्की सड़क तो छोड़िए कच्ची सड़क भी ठीक- ठाक नहीं है! बदसत्तर हालातो में गिरते, फिसलते, निकालने के लिए राहगीर हो रहे मजबूर ऊपर से बारिश का कहर और सड़क पर चलने के लिए रास्ता तक नहीं है! और आपको बता दें! कुछ दिनों बाद बिलौनी वाली माता का लखी मेला भी लगने बाला है!कई राज्यों से माता के दर्शन करने के लिए, एवं बच्चों की लटूरी कटवाने के लिए, कई राज्यों से आते हैं! दर्शनार्थी जिसको लेकर ग्राम वासियों ने स्थानी सरपंच को कई बार पर्सनली जाकर बोला है! और लिखित में भी दिया गया है! इसके बावजूद भी शासन /प्रशासन कोई सुनवाई नहीं कर रहा है! आप खुद ही देखिए किस तरीके से गिरते /फिरते पानी में फिसलते हुए राहगीर निकल रहे हैं! राजस्थान सरकार सरकार की खराब, टूटी-फूटी सड़कों के द्वारा हादसे होते रहते हैं! मगर राजस्थान सरकार सुरक्षा की दृष्टि से इन सड़कों को ठीक काराये तो हादसों मैं कमी आएगी!

रिलायंस रिटेल और डेल्टा गैलिल ने भारत में परिधान क्षेत्र में इनोवेशन के लिए मिलाया हाथ

जॉइंट वेंचर परिधान क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करेगा

चमकता राजस्थान

मुंबई/ इजराइल 10 सितंबर, 2024: रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (रिलायंस रिटेल) और वैश्विक परिधान निर्माता डेल्टा गैलिल इंडस्ट्रीज ने भारत में एक संयुक्त उद्यम की घोषणा की है। इस 50-50 साझेदारी का उद्देश्य भारतीय बाजार में परिधान इनोवेशन प्लेटफॉर्म को स्थापित करना है।

रिलायंस रिटेल के प्रबंध निदेशक वी. सुब्रमण्यम ने कहा, ''डेल्टा गैलिल को एक वैश्विक इनोवेटर के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो हमारे उपभोक्ताओं को गुणवत्ता और नवाचार प्रदान करने के हमारे प्रयासों के साथ मेल खाता है। साथ मिलकर हम भारत के इंटीमेट अपैरल और एक्टिव वियर सेगमेंट में नवीनतम मानक स्थापित करेंगे।'' वहीं, डेल्टा गैलिल के सीईओ इसहाक दबाह ने कहा, ₹रिलायंस रिटेल के साथ साझेदारी करना हमारे लिए गर्व की बात है, क्योंकि हम भारत के 1.4 बिलियन से अधिक उपभोक्ताओं के विशाल बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। हमारी डिज़ाइन और निर्माण क्षमता का रिलायंस की मजबूत वितरण प्रणाली के साथ जुड़ना तेज़ विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

धौलपुर पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के निर्देशन में पुलिस थाना बाडी कार्यवाही

चमकता राजस्थान

धौलपुर(रामदास तरुण)। बाड़ी उपखण्ड के कसौटी खेड़ा रोड के पास बाडी पुलिस ने जुआ खेलते हुये 11 जुआरियो को गिरफ्तार किया! जिनके कब्जे से जुआ राशि एक लाख दस हजार पाच सौ रूपये किये जप्त किये! पुलिस अधीक्षक धौलपुर सुमित महरडा आईपीएस द्वारा लोकल एवं स्पेशल एक्ट की कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे! अभियान के दौरान अति० पुलिस अधीक्षक एडीएफ धौलपुर कमल किशोर जांगिड आरपीएस एवं कार्यवाहक वृताधिकारी वृत बाड़ी नरेन्द्र कुमार के निकटतम सुपरवीजन में शिवलहरी पु०नि० थानाधिकारी पुलिस थाना बाडी के नेतृत्व में कांसोटीखेडा रोड के पास जुआ खेलते हुये! जिसपर थाना हाजा पर तीन प्रकरण दर्ज किये गये। रामवीर पुत्र मूंगाराम जाति मीणा, हरवेन्द्र पुत्र धर्म सिह जाति मीना, राजवीर पुत्र चिरौंजी जाति गुर्जर, हरीपाल पुत्र जगन जाति कुशवाह, राजू पुत्र श्रीलाल जाति कहार, रामरज पुत्र मुन्नालाल जाति कहार, आमिर खा पुत्र केशव खा जाति मुसलमान, रामअवतार पुत्र विशनस्वरूप जाति प्रजापति, मनीष कुमार पुत्र रामखिलाडी जाति राठौड, वृजराज पुत्र शंकर जाति प्रजापति, गोपाल सिह पुत्र लालाराम जाति जाटव, आदि लोगों पर कार्यवाही की गई!

पहाड़ वाले बाबा की दरगाह पर हुआ अखिल भारतीय मुशायरा का आयोजन

चमकता राजस्थान। धौलपुर(रामदास तरुण)। धौलपुर शरफ अब्दाल शाह र. अ. पहाड़ वाले बाबा की दरगाह उर्स के दूसरे दिन दरगाह पर अखिल भारतीय मुशायरा का आयोजन किया गया! जिसमें देश के कोने - कोने से आए मशहूर शायरों ने शमाबांदा अखिल भारतीय मुशायरा मैं मुख्य अतिथि के तौर पर एसडीएम राधेश्याम मीणा बाड़ी ने शिरकत की विशिष्ट अतिथि के तौर पर सुलेमान फारुकी जिला भरतपुर प्रभारी सेवादल, विवेक शर्मा छावनी, अलीमुद्दीन अंसारी, मुन्ना अब्बासी, निजामुद्दीन पहलवान, शकील भाई, आजाद मिर्जा मौजूद रहे! उर्स सदर इलियास नियाजी और उनकी टीम के द्वारा सभी अतिथियों का और सभी शायरों का गर्म जोशी से इस्तकबाल किया गया शायरों के रूप में जमील खैराबादी, हासिम फिरोजाबादी, इस्माइल नजर, अनवर अमान, शहनाज आशिमी, वसीम राजपुरी, रजा शेदाई, राना जेवा, शमीम कोशर, नूर धौलपुरी, मुजफ्फर अली, जाहिद राही, हयात मिर्जा मौजूद रहे! जिन्होंने बेहतरीन शायरी कर लोगों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। इस मौके पर आबिद अली, राजा सद्दाम, सुहैल खान, मोनू खान, अनीस खान, रिजवान खान, साजिद खान, साबिर खान आदि मौजूद रहे!

'खो खो': गुमनामी से अंतर्राष्ट्रीय शिखर तक



सुधांशु मित्तल

पीछा करने के सदियों पुराने रोमांचक खेल ₹खो-खो₹ की जड़ें भारतीय पौराणिक कथाओं में हैं और यह खेल प्राचीन काल से प्राकृतिक घास या मैदान में नियमित रूप से पूरे भारत में खेला जाता है। ₹खो₹ मराठी शब्द है जिसका अर्थ है जाओ और पीछा करो। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों द्वारा खेले जाने वाला ₹खो खो₹ प्राचीन भारत का पारंपरिक खेल माना जाता है और यह ग्रामीण क्षेत्रों में कबड्डी के बाद दूसरा रोमांचक टैग गेम है। ₹खो खो₹ की उत्पत्ति भारत में मानी जाती है। इतिहास में इसका वर्णन मौर्य शासनकाल (चौथी ईसा पूर्व) में मिलता है। 'खो-खो' खेल का वर्णन महाभारत काल में भी किया गया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि महाभारत काल में ₹खो खो₹ रथ पर खेला जाता था जहां प्रतिद्वंद्वी रथ पर सवार होकर एक-दूसरे का पीछा करते थे, जिसे 'रथेरा' कहा जाता था। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि महाभारत युद्ध के 13वें दिन गुरु द्रोणाचार्य द्वारा बनाए गए चक्रव्यूह में प्रवेश करने के लिए अभिमन्यु ने ₹खो-खो₹ में इस्तेमाल की जाने वाली रणनीति का उपयोग किया था और ₹खो-खो₹ के कौशल का उपयोग करके कौरव वंश को भारी नुकसान पहुँचाया था।

लोकमान्य तिलक द्वारा गठित डेक्कन जिमखाना पुणे ने पहली बार इस खेल के विधिवत नियम तय किए। वर्ष 1923-24 में इंटर स्कूल स्पोर्ट्स कम्पटीशन की स्थापना की गई जिसके माध्यम से ग्रामीण स्तर पर 'खो-खो' को लोकप्रिय करने के लिए कदम उठाए गए। वर्ष 1928 में भारत की पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए गठित ₹अखिल भारतीय शारीरिक शिक्षण मंडल₹ द्वारा वर्ष 1935 में इस खेल के नियमों को पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया गया।

आधुनिक काल में 'खो-खो' खेल को महाराष्ट्र के अमरावती के हनुमान व्यायाम प्रसारक मंडल के तत्वाधान में सबसे पहले 1936 के बर्लिन ओलंपिक्स में प्रदर्शित किया गया था तथा इस खेल को अडोल्फ हिटलर ने जमकर सराहा। वर्ष 1938 में अखिल महाराष्ट्र शारीरिक शिक्षण मंडल ने 'खो-खो' खेल की दूसरी नियम पुस्तिका प्रकाशित की। इसी वर्ष अकोला में इंटर जोनल स्पोर्ट्स का आयोजन किया गया।

आज ₹खो-खो₹ भारत के सभी राज्यों में खेली जाती है तथा राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर 'खो-खो' की अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं।

आज़ादी के बाद भारतीय खेलों को प्रोत्साहन देने के अंतर्गत 1955-56 में 'अखिल भारतीय खो-खो मंडल₹ की स्थापना की गई। पुरुषों की पहली राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन 25 दिसंबर 1959 से 01 जनवरी 1960 को आयोजित किया गया जबकि महिलाओं की पहली राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप महाराष्ट्र के कोल्हापुर में 13 से 16 अप्रैल 1961 को आयोजित की गई। वर्ष 1964 में इंदौर, मध्य प्रदेश में आयोजित 5वीं नेशनल खो-खो चैंपियनशिप में व्यक्तिगत पुरस्कार शुरू किए गए। वर्ष 1966 में 'खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया' की स्थापना की गई तथा वर्ष 1970 में किशोर लड़कों की पहली नेशनल खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जबकि वर्ष 1974 में किशोर लड़कियों की पहली नेशनल खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। 1982 में दिल्ली में आयोजित 9वीं एशियाई खेलों में खो-खो का डेमोंस्ट्रेशन मैच आयोजित किया गया। वर्ष 1987 में कोलकाता में आयोजित तीसरी साउथ एशियाई खेलों में खो-खो खेल को प्रदर्शित किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय खेलों में पहली बार वर्ष 1996 में 'खो-खो' की पहली एशियाई खो-खो चैंपियनशिप आयोजित की गई, जिससे ₹खो-खो₹ को अंतर्राष्ट्रीय खेल के रूप में लोकप्रियता मिली, जिससे आज यह खेल 36 से अधिक देशों में खेला जाता है।

वर्ष 1998 में पहला नेता जी सुभाष गोल्ड कप इंटरनेशनल खो-खो टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। 'खो-खो₹ को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करने के लिए जुलाई 2018 में ''इंटरनेशनल खो-खो फेडरेशन'' का गठन किया गया जिसका हेडक्वार्टर लंदन में है। लंदन में पहली इंटरनेशनल खो-खो चैंपियनशिप वर्ष 2018 में आयोजित की गई।

आज ₹खो-खो₹ भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक रूप से खेला जाने वाला खेल है। यह विभिन्न अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों का हिस्सा है जिसमें लगभग 20 देशों की राष्ट्रीय खो-खो टीमें हैं। ऐसे गौरवशाली इतिहास के साथ खो-खो की लोकप्रियता आने वाले वर्षों में भी बढ़ती रहेगी।

(लेखक इंटरनेशनल खो-खो फेडरेशन के अध्यक्ष हैं।)

संक्षिप्त समाचार

डॉ. नीरज के. पवन ने बजटीय घोषणाओं की क्रिन्यान्वित को लेकर की मैराथन बैठक

● **खेल नीति पर की विस्तार से चर्चा**

चमकता राजस्थान/जयपुर, 10 सितम्बर। शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार तथा अध्यक्ष, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद का पदभार ग्रहण करने के अगले दिन मंगलवार को डॉ. नीरज के. पवन ने सवाई मान सिंह स्टेडियम में 28 बजटीय घोषणाओं की क्रिन्यान्वित को लेकर मैराथन बैठक की।

इस दौरान उन्होंने सभी किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। आज की बैठक में संयुक्त रूप से युवा मामले एवं खेल विभाग के अधिकारी, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के अधिकारी एवं यूथ बोर्ड के अधिकारी मौजूद थे।

डॉ. नीरज के. पवन ने इस दौरान प्रस्तावित खेल नीति एवं युवा नीति पर विस्तार से चर्चा की। इसके अलावा आउट ऑफ टर्न पॉलिसी, ऑडिट रिपोर्ट, केपीआई, स्टेडियम विकास, कर्मयोगी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन, डीपीसी, लंबित भर्ती आदि के बारे में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

कुमावत समाज मदनगंज-किशनगढ की जनरल मींटिग 13 सितम्बर 2024 को

चमकता राजस्थान /रघुनंदन पारीक श्रीनगर। श्री कुमावत नवयुवक मण्डल, सिटी रोड, मदनगंज-किशनगढ की जनरल मींटिग का आयोजन दिनाक 13 सितम्बर 2024 शुक्रवार को सायंकाल 07.15 बजे से स्थान- श्री कुमावत पंचायत भवन, सिटी रोड, मदनगंज-किशनगढ में रखी गई है, जिसमें सभी समाजवासी सादर आमन्त्रित रहेगें। इस जनरल मींटिग में मुख्य रूप से प्रतिभा सम्मान समारोह एवं सामूहिक गोठ का लेखा-जोखा प्रस्तुत करना, मदनगंज से बाहर आयोज्य सामाजिक संस्थाओं के सामाजिक समरसता एवं समाज विकास के कार्यो में सहभागिता, सामूहिक रूप से सामाजिक रूप से करने का प्रस्ताव, कुमावत समाज के प्रांगण(गोठ स्थल) के विकास हेतु समाजवासियों सुझाव लेना (निर्माण कार्य वास्ते)व अन्य समाज विकास के विषयों पर सभी समाजवासियों से चर्चा विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से समाज विकास के निर्णय लिए जावेंगे

क्रिकेटर एवं समाजसेवी देवेंद्र कुमार लाटा को भारत मानव सेवा सम्मान से नवाजा गया

चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर में आयोजित भारत मानव सेवा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया इसके तहत अनेक मेधावी समाजसेवीयों को सम्मानित किया गया इसी क्रम में सीकर जिले के युवा समाजसेवी और क्रिकेटर देवेन्द्र कुमार लाटा को भी सम्मानित किया गया इस अवसर पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शक्ति हैल्पिग हैंड की डायरेक्टर अंबालिका शास्त्री ने कहा कि समाज के लिए कुछ ना कुछ करते रहना आवश्यक है। साथ ही आवश्यक है उन लोगों का सम्मान जो इस समाज तथा देश के लिए समर्पित होकर श्रम करते हैं। दूसरों से अलग अपनी पहचान बनाने वाले लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए'भारत मानव सेवा सम्मान 2024' का आयोजन किया गया उल्लेखनीय है कि यह भव्य और हौसला अफजाई कार्यक्रम होटल राजधानी जयपुर के होटल ग्रैंड सफारी प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ किया गया कार्यक्रम में जयपुर शिव शक्ति ग्रुप व शक्ति हेल्पिग हैंड की डॉयरेक्टर अंबालिका शास्त्री मैडम और सफारी ग्रुप के डॉयरेक्टर के हाथों युवा समाजसेवी एवं क्रिकेटर देवेन्द्र कुमार लाटा को भी खेल के क्षेत्र में भारत मानव सेवा सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बॉलीवुड सेलिब्रिटी बिग बॉस वॉइस विजय विक्रम सिंह के साथ डेढ़ सौ से अधिक प्रतिभाओं को उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम की होस्टिंग खुशबू कपूर द्वारा की गई। शानदार आयोजन के लिए अंबालिका, रिंकू और उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा

शासन सचिव रवि जैन ने किशनपोल बाज़ार स्थित विरासत संग्रहालय का किया दौरा

चमकता राजस्थान/जयपुर, 10 सितम्बर। पर्यटन विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने मंगलवार को किशनपोल बाज़ार स्थित विरासत संग्रहालय और हवामहल स्मारक का दौरा किया। उन्होंने जल महल का भी दौरा कर वहां सौंदर्यकरण, बोटिंग और वाटर लेजर शो के लिए संभावनाओं को समझा और अधिकारियों के साथ चर्चा की।

इस दौरान पर्यटन सचिव ने विरासत संग्रहालय की रूफ़ पर रेस्टोरेंट बनाने की सम्भावनाओ पर अधिकारियों से विचार विमर्श किया। वहीं हेरिटेज वॉक के रास्ते का निरीक्षण कर हवा महल को अंदर से देखा। उन्होंने विशेष तौर पर विभिन्न दरवाजो पर बैतरतीब लगे वायर, केबल को देखकर उनको व्यवस्थित करने के निर्देश दिए जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को असुविधा न हो।

रवि जैन ने न्यू गेट के बाहर अजमेरी गेट की तर्ज पर पर्यटन की दृष्टि से विकास कार्य किये जाने संभावनाओं लिए मौका मुआयना किया।

इस दौरान स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक सुराणा, पुरातत्व विभाग के निदेशक डॉ. पंकज धरेंद्र, पर्यटन विभाग के अतिरिक्त निदेशक राकेश शर्मा, पर्यटन विभाग के उप निदेशक उपेन्द्र सिंह शेखावत, हवामहल स्मारक की अधीक्षक श्रीमती सरोजनी चँचलानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

महादेव की शाही सवारी में उमड़ा जन सैलाब

» क्षेत्र का सबसे बड़ा कार्यक्रम होने से बड़ी संख्या में जन सैलाब उमड़ा, इस दौरान बाहर से आए दुकानदारों ने बाजारों में खिलौने,तरह तरह के मुखटे,गुबारो की दुकानें लगाई , बच्चो ने इन दुकानों से जमकर खरीदारी की

चमकता राजस्थान / रमेश मोदी

चौमहला /झालावाड़। कस्बे में सोमवार रात्री भगवान शंकर की शाही , राजसी सवारी बेंडबाजो ढोल नगाड़ों,आकर्षक झांकियो ,अखाड़ों के साथ निकाली गई जिसको देखने के लिये जन समूह उमड़ पड़ा। राजसी सवारी को लेकर कस्बे जगह जगह सजावट की गई व स्वागत द्वार बनाये गये।

भगवान शंकर की राजसी सवारी का आरंभ रात्री 9 बजे कस्बे के नीचे मंडी नर्बदश्वर महादेव मंदिर से भगवान शंकर की आरती के साथ शुरू हुआ। आरती महाकाल मंदिर उज्जैन के पुजारी यश गुरु व उनकी टीम,विधायक कालूराम मेघवाल, सुसनेर विधायक प्रतिनिधि गजेंद्र सिंह परिहार,सोंधिया राजपूत युवा संगठन प्रदेश अध्यक्ष डूंगर सिंह परमार,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह,शिव मंडल अध्यक्ष प्रदीप डोसी ने की। सवारी में क्यासरा महादेव का मुखोटा के साथ ही कई आकर्षक चलित झाकियां शरीक थी वही गंगधार व आलोट के व्यायाम शाला के पहलवानों ने करतब दिखाये। चल समारोह में 7 झाकियां सहित अखाडा, गणमण्डल ,भजन मंडल शरीक थे। इलोक्ट्रिक चलित झाकिया में श्रीनाथ जी का दरबार,वीर तेजाजी,रामेश्वरम ,कृष्ण संघ गोपियों सहित अन्य मनमोहक झांकीया शरीक थी वही क्यासरा महादेव व भगवान शंकर की सवारी थी सभी झांकियो का प्रदर्शन उम्दा था। सवारी के दौरान झाबुआ मध्यप्रदेश से आया आदिवासी टीम का भगोरिया नृत्य,राधा कृष्ण नृत्य,शिव लीला का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा।

कस्बे में कई जगह धार्मिक व सामाजिक मंडलों द्वारा स्टाल लगाकर बाहर से आए हुए श्रद्धालुओं को अल्पाहार व जलपान निःशुल्क करवाया, भव्य सवारी को लेकर कस्बे में दिनभर धर्ममय वातावरण बना रहा। शाही सवारी मे हजारों की संख्या में श्रद्धालु में शरीक हुए , इस दौरान कस्बे में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। देर रात्रि तक निकली सवारी का महाआरती के साथ समापन किया गया। इस दौरान शिवमंडल की ओर अग्रवाल धर्मशाला में भंडारे का भी आयोजन किया गया। शाही सवारी को लेकर अतिरिक्त पुलिस जाप्ता बुलाया गया था जो जगह जगह तैनात रहा। वही शिव मंडल द्वारा सभी प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधियों, महावीर व्यायाम शाला सहित कई कार्यकर्ताओं का सम्मान किया।

शाही सवारी में कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो व नजदीकी मध्यप्रदेश के गाँवो के लोग शरीक हुये।

इस्पेक के परशुराम चेतना अभियान अन्तर्गत सुख-साधन भण्डार की होगी स्थापना

तिरूपति, सिलीगुड़ी, इंदौर और अलवर में बनेंगे वितरण केन्द्र

● **आम जनमानस को सनातन साहित्य व सामग्री सुलभ कराना है उद्देश्य**

चमकता राजस्थान

जयपुर। चिरंजीवी भगवान श्री परशुराम के स्मरण, दर्शन एवं भक्ति से आयुष्य और सामर्थ्य की श्रीवृद्धि सुनिश्चित है। इसी परमार्थी उद्देश्य से करढअउ 'इस्पेक' द्वारा एक अभिनव प्रकल्प का शुभारंभ किया जा रहा है। विप्र फाउंडेशन द्वारा स्थापित इंटरनेशनल सोसायटी फॉर परशुराम कॉन्शसनेस की चेयरमैन डॉ. हर्षा त्रिवेदी ने बताया कि 'इस्पेक' श्रीमन्नारायण भगवान परशुराम जीवन चरित पुस्तक, परशुराम चालीसा, आरती, आरोग्य कुंजिका पुस्तक, कार डैशबोर्ड, की-चेन, शौर्य कड़ा, प्रज्ञा बटन, परशुराम मैग्नेट, अभिमंत्रित श्रीयंत्र, रूद्राक्ष माला, परशुराम तस्वीर, प्राण प्रतिष्ठित यज्ञोपवीत, परशुराम मूर्ति आदि धार्मिक सामग्री आमजन को सहज उपलब्ध कराएगा। इस प्रकल्प को 'सुख-साधन भण्डार' नाम दिया गया है। भण्डार का मुख्यालय तिरूपति होगा। प्रथम चरण में इसके तिरुपति के साथ सिलीगुड़ी, इंदौर और अलवर में वितरण केन्द्र खोले जाएंगे उसके बाद जयपुर सहित पूरे देश भर में वितरण केन्द्र स्थापित करने की योजना है। तिरुपति में श्रीयंत्रों एवं अन्य सामग्री को भगवान वेंकटेश्वर के चरणों में विधि-विधान से पूजन, अभिमंत्रित कर संग्रहण तथा वितरण केंद्रों में पहुंचाया जायेगा। डॉ.हर्षा त्रिवेदी ने बताया कि 'सुख-साधन भण्डार' का शुभारंभ 4 अक्टूबर 2024 को तिरूपति में किया जायेगा। यहाँ इस्पेक की केन्द्रीय समिति सदस्य, लब्धप्रतिष्ठ विद्वान एवं भारत के प्रसिद्ध धनुर्धर श्री उदय वर्डी के आचार्यत्व में नियमित अनुष्ठान करके सामग्री को अभिमंत्रित किया जायेगा, जिसका चमत्कारी फल सुनिश्चित है। इस संपूर्ण प्रकल्प का उद्देश्य सनातन रक्षक चिरंजीवी भगवान परशुराम के जीवन चरित्र एवं आदर्शों से जनमानस को जोड़कर सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है।

भरतपुर सांसद संजना जाटव ने गृह प्रवेश एवं जन्मदिवस कार्यक्रमों में की शिरकत

चमकता राजस्थान

वैर,(राजवीर सिंह) भरतपुर सांसद संजना जाटव ने हलैना में कई सामाजिक कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। हलैना उप तहसील के गांव बाई में सामाजिक कार्यकर्ता हाकिम सिंह के जन्म दिवस तथा हलैना में लोकेंद्र सिंह रहीमपुर के नूतन गृह प्रवेश एवं उनके बच्चे आरव के जन्म दिवस पर उनके निवास पर पहुंची। सर्वप्रथम सांसद संजना जाटव सामाजिक कार्यकर्ता हाकिम सिंह के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने सांसद संजना जाटव के आगमन पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। सांसद ने बाई में स्थित बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माला एवं साफा पहनाकर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। हाकिम सिंह ने सांसद संजना जाटव को बाबा साहब डॉ बीआर अंबेडकर की तस्वीर भेंट कर साफा एवं चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। सांसद ने लंबी उम्र जीने की कामना की और विकास के पथ पर अग्रसर होने की बधाई दी। इसके बाद हलैना वैर मार्ग पर लोकेंद्र कुमार रहीमपुर के नूतन गृह प्रवेश का फीता काटकर शुभारंभ किया। लोकेंद्र कुमार रहीमपुर एवं उनकी पत्नी भावना कुमारी अध्यापिका ने साफा एवं चांदी का मुकुट पहनाकर भव्य स्वागत सम्मान किया। भरतपुर सांसद संजना जाटव ने बच्चे आरव के जन्म दिवस पर केक कटवाकर एवं नूतन गृह प्रवेश करने पर समस्त परिवारजनों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर सांसद को क्षेत्र के लोगों ने विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। सांसद ने जन समस्याओं को सुनकर शीघ्र निस्तारण कराने का क्षेत्र वासियों को आश्वासन दिया। इस मौके पर हरभजन ठेकेदार, कप्तान, पिंकी ठेकेदार,ऊदल सिंह कैरों, भंवर सिंह सागर,विजेंद्र आजाद अंबेडकर मेमोरियल,वेलफेयर सोसाइटी जिला अध्यक्ष, कुंवर पुष्पेंद्र सिंह गोठरा,टीकाराम रायपुर, दीपेश सरपंच, राकेश बोहरा, ज्ञानप्रकाश सागर,रविंद्र मदेरणा, सुमित सहगल,उदय सिंह खेरा, मनोज भास्कर, भीम सिंह, लखन, दिलीप मैक्स, राकेश, करन सिंह पचौरा आदि मौजूद रहे।

शिक्षक दिवस 2024 के अवसर पर प्रिसिपल्स एंड टीचर्स अवार्ड के तेरहवां संस्करण का हुआ भव्य आयोजन

चमकता राजस्थान /रघुनंदन पारीक श्रीनगर

जयपुर , 9 सितम्बर 2024 : थार सर्वोदय संस्थान , सिम्पली जयपुर और रघु सिन्हा माला माथुर चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में शिक्षकों के सम्मान में प्रिसीपल्स एंड टीचर्स अवार्ड 2024 के तेरहवें संस्करण का आयोजन सोमवार 9 सितम्बर को शाम 5 बजे से रंगायन - जवाहर कला केंद्र में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के आयोजक सोमेंद्र हर्ष और अंशु हर्ष ने बताया की माला माथुर मेमोरियल ₹लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड इन एजुकेशन₹ शिक्षा के क्षेत्र में कड़ी मेहनत और उपलब्धि का सम्मान है। इस वर्ग में डॉ जसबीर जैन, प्रो×फेसर डॉ पवन सुराणा, डॉ दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, श्रीमती रूप कौल, श्रीमती उदय मिर्धा और पंचशील जैन का लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। भारती एयरटेल फाउंडेशन के एसपी सिंह राठौड ने बताया कि इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान के अजमेर जिले के सरकारी स्कूलों से श्रीमती अर्चना दाधीच राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अजयसर एवं श्रीमती श्वेता विल्सन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हाथीखेड़ा, अजमेर जिले के श्रीनगर ब्ला-ॅक से रामदेव सांखला, वाइस प्रिसिपल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुरा अहिरान, मान सिंह गौड़, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फारकिया को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर रघु सिन्हा माला माथुर चैरिटी ट्रस्ट द्वारा हर साल की तरह इस वर्ष भी शिक्षा के क्षेत्र में अपना जीवन समर्पित करने वाले शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और समाज को नई दिशा देने का कार्य किया है। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के प्राचार्यों और शिक्षकों को उनके अनुकरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया, जो न केवल विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं बल्कि समाज के उत्थान में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

इस आयोजन के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने का प्रयास और सभी सम्मानित शिक्षकों के प्रयासों को एक मंच पर लाकर सराहा गया। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई ।

विधायक हंसराज पटेल दो दिवसीय हरियाणा दौरे पर

● **सोहना विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी तेजपाल तंवर के नामांकन कार्यक्रम में लेगें भाग ।**

चमकता राजस्थान। कोटपूतली-बहरोड (धर्मेंद्र बंसल)। कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल मंगलवार से दो दिवसीय हरियाणा दौरे पर प्रवास कर रहे है । गौरतलब है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा उन्हें सोहना विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। विधायक पटेल ने मंगलवार को सोहना पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों समेत स्थानीय आम जनता से मुलाकात की। वहां पर पहुंचने पर पटेल का वहां की जनता द्वारा गर्म जोशी से स्वागत किया गयावहीं बुधवार को प्रस्तावित भाजपा प्रत्याशी के नामांकन कार्यक्रम का जायजा भी लिया। पटेल बुधवार को सोहना से भाजपा प्रत्याशी तेजपाल तंवर के नामांकन कार्यक्रम में भाग लेगें।

भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (ITEC) कार्यक्रम के तहत इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (IIPA) के विदेशी सरकारी अधिकारियों दल का जयपुर मेट्रो दौरा

चमकता राजस्थान

जयपुर 10 सितम्बर। भारत सरकार के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (क्क्रढअ) द्वारा भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (क्ळएउ) कार्यक्रम के तहत 35 देशो के 35 विदेशी सरकारी अधिकारियों के दल ने हेरिटेज संरक्षण के अध्ययन एवं चर्चा हेतु जयपुर मेट्रो का दौरा किया।

मानसरोवर मेट्रो डिपो पहुंचने पर विदेशी अधिकारियों के दल के साथ सभागार चिन्तन हॉल में एक चर्चा सत्र आयोजित किया गया। जिसमें हेरिटेज संरक्षण के दौरान आई बाधाओं तथा उनके समाधान पर विस्तृत जानकारी दल को दी गई। दल के सभी प्रतिनिधियों ने चर्चा व प्रश्न/उत्तर वार्ता सत्र में भाग लिया। उसके उपरान्त ऑपरेशनल कंट्रोल सेंटर (OCC), मेट्रो डिपो मानसरोवर का दौरा किया एवं मेट्रो ट्रेन के संचालन के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जयपुर मेट्रो के पूर्णकालिक निदेशकगण उपस्थित रहे। जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री वैभव गालरिया ने IIPA के इस दौरे पर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए ITEC कार्यक्रम के तहत ज्ञान के पारस्परिक आदान प्रदान को अतिमहत्वपूर्ण बताया एवं मेट्रो प्रशासन विरासत के संरक्षण तथा जयपुर शहर के चारदीवारी क्षेत्र के मूल ऐतिहासिक स्वरूप को बनाए रखने एवं संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

संक्षिप्त समाचार

जश्ने ए ईद मिलादुन्नबी का पाक और बाबरकत जलसा आज

चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)। सुन्नी दावते इस्लामी जयपुर व वाहिद मेमोरियल वेलफेयर एण्ड रिलीफ सोसायटी की ओर से बुधवार रात 9 बजे रामगंज चौपड़ पर ईद मिलादुन्नबी का जलसा होगा। यह कार्यक्रम मुफ्ती ए शहर जयपुर मुफ्ती अब्दुस्सत्तार रज़वी साहब की सरपरस्ती और मौलाना सैय्यद मुहम्मद क़ादरी साहब की निगरानी में होगा। जिसमें प्रमुख वक्ता मालेगाँव से मौलाना सैय्यद अमीन उल क़ादरी व नातो मनक़बत पढ़ने के लिए बदायूँ (यूपी) से मुनाज़ीर हुसैन साहब बदायुंनी आएंगे।

कार्यक्रम संयोजक मौलाना सैय्यद मुहम्मद क़ादरी साहब ने बताया कि जलसे में पैगम्बर मुहम्मद साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला जाएगा, ताकि समाज में फैल रही बुराइयों को रोका जा सके। मौलाना सैयद मोहम्मद कादरी ने बताया कि ये जश्न 1499वाँ मिलाद मनाया जा रहा है। अगले वर्ष 1500वें जश्न की तैयारियां शानो शौकत के साथ इसी साल से शुरू की जाएगी।

जिला प्रभारी मंत्री 11 सितम्बर को लेंगे जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

चमकता राजस्थान। कोटपूतली-बहरोड (धर्मेंद्र बंसल)। कोटपूतली-बहरोड़, जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि राज्य मंत्री, राजस्व, उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह 11 सितम्बर को जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जिला कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करेंगे। अग्रवाल ने कहा कि जिला प्रभारी मंत्री 10 सितम्बर की रात तक कोटपूतली आएंगे। वे 11 सितम्बर को प्रातः 11 बजे बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन, अतिवृष्टी की स्थिति, रोजगार उत्सव की तैयारिया, प्रस्तावित लोकार्पण-शिलान्यास तथा विधानसभावार स्कूल, कॉलेज इत्यादि के संबंध में हुई घोषणाओं के एस्टीमेट तथा अन्य बिंदुओं के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक उपरांत विजय सिंह चौधरी जयपुर के लिए रवाना होंगे।

धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुई भगवान श्री देवनारायण की 38 वीं ध्वज पद यात्रा

- **ध्वज पद यात्रा के दौरान सुव्यवस्थित व्यवस्था के संबंध में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों का किया गया अभिनन्दन**

चमकता राजस्थान। कोटपूतली बहरोड (धर्मेंद्र बंसल)। श्री देवनारायण जनकल्याण संस्थान के तत्वावधान में प्रतिवर्ष टोंक-निवाई स्थित श्री देवधाम जोधपुरिया के लिये निकाली जाने वाली भगवान श्री देवनारायण की 38 वीं ध्वज पद यात्रा इस वर्ष बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ सफलतापूर्ण सम्पन्न हुई। ध्वज पद यात्रा के कोटपूतली पहुँचने पर श्री देवनारायण सेवा समिति के सानिध्य में नगर के मुख्य मार्गो से भगवान श्री देवनारायण की भव्य शोभा यात्रा व स्वागत जुलूस निकाला गया। समस्त आयोजन के दौरान संस्थान समितिकेपदाधिकारियों द्वारा बेहद व्यवस्थित प्रबंधन किया गया। ध्वज पद यात्रा के शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो जाने एवं इस दौरान व्यवस्था बनाने एवं कानून व्यवस्था में उल्लेखनीय सहयोग देने पर संस्थान व समिति के पदाधिकारियों द्वारा पुलिस प्रशासन के अधिकारियों का धन्यवाद् ज्ञापित कर उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष शंकर लाल कसाना के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, एडीएम योगेश कुमार डागुर, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, एसडीएम बृजेश चौधरी, डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक़, तहसीलदार सौरभ गुर्जर आदि का माल्यार्पण कर एवं दुपट्टा ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह भेंटक- र आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एड. हीरालाल रावत, रामजीलाल घांघल, मनोहर कसाना, रामचन्द्र डोई, रोशन हवलदार, महावीर कसाना, दिनेश मित्तल, संदीप सराधना, सतीश चौधरी समेत अन्य मौजूद रहे।

दबंगों ने किया जमीन पर कब्जा, मजबूर पति-पत्नी नदबई में चढ़े पानी की टंकी पर

पीडित का आरोप-हलैना सरसैना रोड़ पर जमीन, विगत 11 साल से दबंगों ने कर रखा कब्जा

करीब तीन घण्टा समझाइस के बाद टंकी से उतरे पति-पत्नी, अधिकारियों ने दिया समाधान का आश्वासन

चमकता राजस्थान

नदबई,(राजवीर सिंह)। हलैना सरसैना रोड पर स्थित बेवा महिला की खातेदारी जमीन पर दबंगों का कब्जा होने का आरोप लगाते हुए नदबई क्षेत्र के गांव सामंतपुरा निवासी बेवा पुत्र महेश सोलंकी अपनी पत्नी रूपकुमारी के साथ कस्बे में नगर रोड स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गया। न्याय के लिए पानी की टंकी पर चढ़क- र गुहार लगाने की सूचना पर प्रशासन में हड़कंप मच गया। नायब तहसीलदार दीपा यादव व पुलिस सीओ पूनम भरगढ़ ने मौके पर मौजूद बेवा सहित दूसरे पुत्र से बातचीत की। बाद में नायब तहसीलदार दीपा यादव के जिला कलक्टर से दम्पत्ति की मुलाकात कराने व तीन दिवस में पैमाइश कराने के आश्वासन पर करीब तीन घण्टे बाद पति-पत्नी को पानी की टंकी से नीचे उतारा गया।

गौरतलब है कि सामन्तपुरा निवासी बदन सिंह ने अपनी पत्नी शयामवती के नाम से 13 अगस्त 2013 में हलैना सरसैना मोड़ पर करीब 13 ईयर जमीन खरीदी। लेकिन, दबंगों का कब्जा होने के चलते बेवा को जमीन पर अधिगृहण नही मिला। पीडित बेवा ने जमीन पर दबंगो का कब्जा होने व पैमाइश कराते हुए जमीन दिलाने की मांग करते हुए जिला प्रशासन के अधिकारी सहित मुख्यमंत्री जनसुनवाई दौरान शिकायत दर्ज की। लेकिन, न्याय नही मिलने के चलते बेवा के पुत्र व पुत्रवधु ने पानी टंकी पर चढ़कर गुहार लगाई।

एडीएम ने दिया समाधान का आश्वासन

» नायब तहसीलदार दीपा यादव ने पति-पत्नी को टंकी से उतारते हुए जिला मुख्यालय पर एडीएम से पति-पत्नी की मुलाकात कराई। जहां पीडित पति-पत्नी ने करीब 11 साल से न्याय के लिए भटकने के बारे में बताते हुए दबंगों से कब्जा दिलाने की मांग की। जिस पर एडीएम प्रशासन नीरज मीणा ने वैर एसडीएम को फोन करते हुए बुधवार को पैमाइश कराते हुए पीडित को न्याय दिलाने के निर्देश दिए।

केन्द्रीय विद्यालय नंबर 1 के पूर्व छात्रों द्वारा मनाया गया टीचर्स डे

चमकता राजस्थान

जयपुर। केन्द्रीय विद्यालय नंबर 1,बजाज नगर जयपुर के पूर्व छात्रों ने एलुमनी एसोसिएशन द्वारा टीचर्स डे मनाया। उपास्थित अध्यापकों में ठाकुर सर,दीपक श्रीवास्तव सर, सी एल शर्मा मैडम, ऊषा गुप्ता मैडम, एस के शर्मा सर,ओझा सर,मान सर, एस एल गांधी सर, एम सी शर्मा सर,मालिक मैडम,बेला अग्रवाल मैडम,त्रिखा मैडम,सेठी मैडम, एम एल शर्मा सर,चोपड़ा मैडम,सरोज मैडम,गोयल मैडम,आशा जैन मैडम, यू सी शर्मा सर,इंद्रा शर्मा मैडम, घोंसले सर, घोंसले मैडम,पारीक सर और पारीक मैडम आदि मौजूद रहे।एलुमनी एसोसिएशन की प्रेसिडेंट पूनम खंगारोत ने बताया 1988 बैच

द्वारा पूरे कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई।सतनाम,सीमा,लक्ष्मी,कल्पना,ममता, कुलीश,आदि सभी ने शानदार कार्यक्रम तैयार किया।पूर्व छात्रों में 1972 बैच से लेकर अब तक के लगभग 70 लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।अध्यापकों में करीब 30 रिटायर्ड अध्यापकों ने पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।बहुत भावुक क्षण थे जब 67 साल के छात्र के अध्यापक भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।सभी अध्यापकों के साथ बिताया ये समय सबके लिए बेहद दिल को छू जाना वाला रहा।होटल सफारी में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत दीपक जलाकर ईश्वर को नमन करते हुए स्कूल की प्रार्थना से की गई जिसमे अध्यापिकाएं और पूर्व छात्राओं ने स्टेज पर आकर स्कूल प्रार्थना गाई।टीचर्स और पूर्व छात्रों ने कार्यक्रम में गाने गाकर कार्यक्रम को रंगारंग बनाया।टीचर्स ने भावुक होकर कहा जैसे आप सब पूर्व छात्र हमारे लिए टीचर्स डे मनाया वैसे ही हमारी भी हार्दिक इच्छा है हम आप सबके साथ चिल्ड्रंस डे मनाएं। अध्यापकों को पूर्व छात्रों द्वारा शॉल उड़ाकर श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।लंच करने के बाद सभी अध्यापकों को गिफ्ट देकर आशीर्वाद लेकर फिर जल्दी मिलने का वादा करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

मेजर डॉक्टर गायत्री राठौड़ ने जमुवाय माता की 13 वी पद यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना !

चमकता राजस्थान

जयपुर। जमुवाय सेवा समिति मीनावाला के द्वारा जमुवाय माता की 13 वी पद यात्रा झोटवाड़ा विधानसभा के वॉर्ड 51,48 सिरसी रोड पाँचयावाला से उद्योग मंत्री माननीय कर्नल राज्यवर्धन सिंह की धर्मपत्नी मेजर डॉक्टर गायत्री राठौड़ के द्वारा रवाना की गई उन्होंने सभी पदयात्रियों को मंगलकामनाएं शुभकामनाएं प्रेषित की साथ में जलपान और फल फ़्रूट की की व्यवस्था की गई ,इस मौक़े पर पार्षद

कुमकुम शक्तिसिंह मानपूरा ने बताया कि हर साल की भाँति इस साल भी माता रानी की यात्रा निकाली गई ,इस यात्रा को हरी झंडी दिखाकर मेजर डॉक्टर गायत्री राठौड़ द्वारा रवाना किया गया इससे सभी यात्रीगण बहुत उत्साहित हैं और भजन कीर्तन करते हुए पद यात्रा के लिए रवाना हुए इस मौक़े पर विक्रम सिंह बेमोठ, नरपत सिंह नरुका, अध्यक्ष महेन्द्र सिंह' गजेंद्र सिंह करेरी,अजय सिंह चौहान, दिलीप सिंह तंवर,रामावतार यादव, अशोक यादव, मनोज सिंह, विष्णु अग्रवाल, परमेश्वर सिंह, नरेंद्र सिंह नेवरी, जगदीश सिंह साँवली, विनोद महला, राकेश बेरीवाल, रामावतार सिंह ळ नगर,वीरेंद्र सिंह चंवरा और काफ़ी संख्या में मातृ शक्ति मौजूद और कार्यकर्ता मौजूद रहे !

संपूर्णता अभियान के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर हुआ! प्रतियोगिताओं एवं रैली का आयोजन

चमकता राजस्थान। धौलपुर(रामदास तरुण)। बाड़ी उपखण्ड में आज दिनांक :-10/ सितंबर 24 को नीति आयोग भारत सरकार के आशा न्वित जिला एवं ब्लाक कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे! संपूर्णता अभियान के तहत अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उपलक्ष में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन राजकीय बालिका नवीन उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़ी एवं पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़ी में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याण सिंह मीणा, कार्यक्रम प्रभारी एवम आरपी सुरेश भारद्वाज तथा प्रधानाचार्य हरिओम सिंह सिकरवार की दे-खरेख में आयोजित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उपलक्ष में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़ी में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजकीय नवीन बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं पीएम श्री उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र, छात्राओं ने निबंध, चित्रकला एवं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में भाग लिया तथा भाग लेने वाले छात्र,छात्राओं को जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई!टी-शर्ट का वितरण किया गया। प्रतियोगिताओं के आयोजन के पश्चात सभी छात्र, छात्राएं हाथों में संपूर्णता अभियान की तख्तियां एवम बैनर लेकर तथा संपूर्णता अभियान की टी-शर्ट पहनकर पीएम श्री विद्यालय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़ी से रैली के रूप में मुख्य बाजार से होते हुए अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता का संदेश देते हुए! राजकीय बालिका नवीन विद्यालय में पहुंचे। जहां पर उपखंड अधिकारी राधेशयाम मीणा के मुख्य आतिथ्य में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याण सिंह मीणा ने की। कार्यक्रम के प्रभारी एवं आरपी सुरेश भारद्वाज ने बताया कि निबंध, चित्रकला एवं नुक्कड़ नाटक में भाग लेने वाले 50 छात्र, छात्राओं को जिला कलेक्टर के हस्ताक्षरित प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया ।उपखंड अधिकारी राधेशयाम मीणा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए साक्षरता एवम संपूर्णता अभियान के महत्व के बारे में विस्तार से बतलाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य हरिओम सिंह सिकरवार एवं पप्पू सिंह रावत, ब्लॉक साक्षरता समन्वयक मुकेश कुमार अग्रवाल, बलवीर सिंह, पिंकी पचौरी, शरण बिहारी पाराशर ,अमर सिंह मीणा, पुष्पेंद्र शर्मा , दिलीप कुमार शर्मा, मनीष कुमार पचौरी, अरुण कुमार, हुकम अग्रवाल, मालती शर्मा, नीलम मीना, आमेरा बानो, दीपिका मंगल निशा कुशवाह सहित छात्र,छात्राएं उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय समीक्षा एवं सलाहकार समिति का हुआ आयोजन

बैंक अधिकारी ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाएं राहत : डॉ .जितेंद्र कुमार सोनी-जिला कलक्टर

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 10 सिंतबर। केन्द्र एवं राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावीक्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिले के अग्रणी बैंक जल्द से जल्द अपने ऋण लक्ष्यों को हासिल करें ताकि प्रत्येक जरूरतमंद तक राहत पहुंचाई जा सके। यह कहना है जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी का। सोनी ने यह बात मंगलवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई जिला स्तरीय समीक्षा एवं सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। बैठक में

कलक्टर सोनी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रत्येक अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी का कर्तव्य एवं दायित्व है। इसके लिए अधिकारियों को सभी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए पूर्ण ईमानदारी से प्रयास करना होगा। उन्होंने अधिकारियों को राजीविका, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, जन-धन योजना, जीवन ज्योति योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन स्कीम सहित अन्य योजनाओं के बेहतर एवं प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश भी दिये। कलक्टर ने बैठक में अधिकारियों को साइबर अपराध पर रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश भी दिये। बैठक में जिला कलक्टर ने वार्षिक साख योजना 2024-25 पुस्तिका का विमोचन भी किया। बैठक में सितम्बर, 2024 तिमाही में बैंकों द्वारा की गई प्रगति के साथ सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा जिस तरह से योजनाओं की समीक्षा की जा रही है ऐसे में सरकार द्वा-रा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को भी निश्चित रूप से मिलेगा।समीक्षा के दौरान पीएम स्वनिधि, घर-घर केसीसी अभियान एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत लंबे समय से बैंक शाखाओं में लंबित आवेदन पत्रों को त्वरित गति से निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) लोकेश कुमार मीणा, एजीएम अनीता शर्मा, अग्रणी जिला प्रबन्धक (जयपुर शहर) राहुल गोठवाल, अग्रणी जिला प्रबन्धक (जयपुर ग्रामीण) गणेश कुमार, डिप्टी एजीएम राम मीणा सहित विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयकों व संबन्धित सरकारी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

शांति समिति की बैठक हुई

सीवान। अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में शांति समिति की एक बैठक हुई। जिसमें गणेश चतुर्दशी एवं हजरत मोहम्मद पैगंबर के जन्मदिन पर निकलने वाले जुलूस को शांति शांतिपूर्वक एव सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी सुनील कुमार ने की। इस बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,नगर थाना अध्यक्ष सुदर्शन राम ,अंचल अधिकारी सिवान, थाना अध्यक्ष महादेवा तथा शांति समिति के सदस्यों में श्रीनिवास यादव जिला अध्यक्ष विकासशील इंसान पार्टी,एडवोकेट गणेश राम उर्फ ज्ञान रत्न, विकास कुमार सिंह उर्फ जिशु सिंह ,मोहम्मद कलीम, दयानंद प्रसाद, अमित कुमार, प्रो० इसरार अहमद, चंद्रशेखर सहित सभी शांति समिति के सदस्य, आखाडा समिति के सदस्य और अन्य गण मान्य लोग उपस्थित रहे।

विधायक ने दो सड़क का किया उद्घाटन

फारबिसगंज। फारबिसगंज विधानसभा क्षेत्र के दो अलग अलग स्थानों पर मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत 03 करोड़ 73 लाख रुपये की लागत से निर्मित दो सड़को का फारबिसगंज विधायक विद्यासागर उर्फ मंचन केसरी ने आज उद्घाटन किया। इस सड़क का मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 02 करोड़ 92 लाख 413 रुपये की लागत से डोरिया सोनापुर से मुसहरी टोला तक 3.531 किलोमीटर निर्माण हो चुका है। वही, इस सड़क का इसी योजना के तहत ही 80 लाख 05 हजार 311 रुपये की लागत से रमई पंचायत में पासवान टोला 16 रोड से ब्राह्मण टोला तक 1100 मीटर निर्मित हो चुकी सड़क का विधायक केसरी ने उद्घाटन किय। मौके पर स्थानीय ग्रामीणों भी मौजूद थे। इस पथ के निर्माण हो जाने से लोगो को आवागमन में आसानी हो रही है।

सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौत

सिलीगुड़ी। बागडोगरा में दर्दनाक सड़क हादसे में मंगलवार को एक युवक की मौत हो गई। मृतक का नाम संजीव उरांव है। वह बागडोगरा के पुठिमारी का रहने वाला था। स्थानीय लोगों के अनुसार, बाइक चालक युवक ने एक महिला को टक्कर मार दी। घटना के बाद युवक बाइक लेकर भागने लगा। इस दौरान बाइक सीमेंट के खंभे से टकरा गई। जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई। स्थानीय लोगों का दावा है कि युवक के नशे की हालत में था। घटना की सूचना पाकर बागडोगरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेज दिया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

जेब में मोबाइल फोन विस्फोट, युवक घायल

नवादा। नवादा में एक अजीब घटना हुई है, जहां एक शख्स की जेब में रखा मोबाइल ब्लास्ट कर गया। इस हादसे में पीड़ित के पैर बुरी तरह झुलस गये हैं, जिसके बाद आनन-फानन में उसे नवादा के अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि ये मोबाइल वीवो कंपनी का था, जो जेब में ही अचानक ब्लास्ट कर गया। पीड़ित शख्स की माने तो उसकी पॉकेट में मोबाइल था, जो अचानक ब्लास्ट कर गया। साथ ही उसने कहा कि इस घटना के बाद अब ये तय हो गया है कि मोबाइल फोन भी पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है।

नदी में डूबने से मां बेटे की मौत

बिहारशरीफ। नालंदा जिले सिलाव थानाक्षेत्र के केसरी विगहा गांव में मंगलवार की सुबह नदी में डुबने से मां बेटे की कि मौत हो गयी।मृतकों की पहचान केसरी गांव निवासी कमलेश प्रसाद का 49 वर्षीय पत्नी सरित देवी और बेटा सौरभ 12 वर्षीय पुत्र के रूप में की गयी है। घटना के संबंध में बताया जाता हैकि दोनो मां बेटा धान की निकलनी करने नदी की ओर खेत में गयी थी जब दोपहर तक वापस नही आया तो परिजन खोजबीन करने लगे तो नदी के किनारे दोनों का शव उपला हुआ था परिजनों ने आशंका जाहिर किया है कि नदी पार करने के क्रम में वह नदी की तेज धारा में बह गया डुबने से उसकी मौत हो गयी।

संदीप को हिरासत में नहीं लेना चाहती सीबीआई

कोलकाता। संदीप घोष को हिरासत में नहीं लेना चाहती सीबीआई! आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के वित्तीय भ्रष्टाचार मामले में कोर्ट ने संदीप समेत चार लोगों को 23 तारीख तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उन्हें अभी प्रेसीडेंसी सुधार सुविधा में रखा जाएगा। आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में वित्तीय भ्रष्टाचार में कथित संलिप्तता के आरोप में सीबीआई ने संदीप घोष समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को उनकी हिरासत खत्म होने के बाद इस दिन संदीप घोष, बिप्लब सिंह, सुमन हाजरा और अफसर अली को अलीपुर कोर्ट में पेश किया गया था। गौरतलब है कि संदीप के वकील ने इस दिन भी उनकी जमानत की मांग नहीं की। सीबीआई के वकीलों ने भी उन्हें हिरासत में लेने की मांग नहीं की। उनका दावा है कि केंद्रीय जांच एजेंसी संदीप को 6 दिन के लिए दोबारा हिरासत में ले सकती है। केंद्रीय जांच ब्यूरो के वकीलों ने तर्क दिया कि कुछ सबूतों को डिजिटल रूप से क्लोन किया जाएगा।

बिहार की डबल इंजन सरकार कोई काम नहीं कर रही : तेजस्वी यादव

एजेंसी

पटना। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने समस्तीपुर में अपनी आभार यात्रा के दौरान कहा कि केंद्र और बिहार की डबल इंजन सरकार कोई काम नहीं कर रही है। अपनी आभार यात्रा की शुरूआत समस्तीपुर से करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राजग गठबंधन पर निशाना साधा है।उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता संवाद कार्यकम से पहले समस्तीपुर परिसदन में पत्रकारों से बातचीत में तेजस्वी यादव ने कहा कि केंद्र और बिहार की डबल इंजन सरकार कोई काम नही कर रही है।

जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार और सम्राट चौधरी द्वारा आभार यात्रा को ग्राहक खोजो यात्रा बताए जाने पर तेजस्वी यादव ने कहा कि वे लोग और क्या बोलेंगे,,सिर्फ लालू जी और मुझको गाली देने का काम ही कर रहे है। तेजस्वी यादव ने कहा कि जदयू और भाजपा में यह होड़ मचा है कि हमलोगों को कौन कितना ज्यादा गाली दे सकता है। सब लोगो को पता है कि जो भी भाजपा का विरोध करता है उसके पीछे केंद्रीय एजेंसियों को लगा दिया जाता है, जबकि उनके साथ आ जाने पर सभी दोष मुक्त हो जाते है।

तेजस्वी यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भले उन्हें कम सीट मिला परन्तु वोट प्रतिशत काफी बढ़ा है इसलिए आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी कार्यकताओं से फीडबैक लेने और संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर जिले में लोकसभा वाइज कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम शुरू किया गया है। तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर आरोप लगाते हुए कहा कि बिहार में अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर है लेकिन वे चुप बैठे है।सीएम सिर्फ दो चार लोगों से घिरे हुए है।जाति आधारित गणना, आरक्षण में क्रीमीलेयर, वक्फ बोर्ड मुद्दे पर भी सीएम चुप हो गए है।

तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में लोकसभा चुनाव से बिल्कुल अलग परिणाम होने वाला है इसलिए वे कार्यकताओं को अभी से ही तैयारियों में जुट जाने की अपील करने निकले है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता,अख्तरुल इस्लाम शाहीन,रणविजय साहू,राज्यसभा सदस्य संजय यादव,मुख्य प्रवक्ता शक्तिसिंह यादव समेत कई नेता मौजूद थे।

बांका जिले में चार लड़कियों की तालाब में डूबकर मौत

एजेंसी

पटना । बिहार में बांका जिले के चांदन के आनंदपुर थाना क्षेत्र के बेहरार गांव में मंगलवार को चार लड़कियों की मौत तालाब में डूबने से हो गयी। चारों लड़कियां करमा-धरमा पर्व के मौके पर नहाने के लिए तालाब में गई थीं। तभी एक के बाद एक चारों गहरे पानी में चली गईं। हादसे के बाद परिवार वालों के साथ पूरे गांव में मातम का माहौल है। बताया जा रहा है कि गांव की पांच लड़कियां मंगलवार की सुबह नहाने के लिए तालाब पर गई थीं। इसी दौरान एक बच्ची तालाब के गहरे पानी में चली गयी। एक दूसरे को बचाने के दौरान चारों बच्चियों की मौत डूबने से हो गई। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद चारों लड़कियों के शवों को पानी से बाहर निकाला। मृतक लड़कियों में बेहरार गांव निवासी शंकर यादव की 14 वर्षीय बेटी पूनम कुमार, संजय यादव की 12 साल की बेटी निशा कुमार, विनोद यादव की 15 वर्षीय बेटी पुष्पा कुमारी और बजरंगी यादव की 14 साल की बेटी ज्योति कुमारी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों बच्चियों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और छानबीन शुरू की।

नालन्दा में पुलिस टीम पर जानलेवा हमला, छह पुलिसकर्मी चोटिल

एजेंसी

बिहारशरीफ । नालंदा जिलान्तर्गत चेरो थाना क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए गए छापेमारी अभियान के दौरान पुलिस बल पर उपद्रवियों नें सोमवार की देर शाम हमला कर दिया, जिसमें छह पुलिसकर्मी चोटिल हो गये, जिन्हें इलाज क लिए सुबह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जाता है कि चेरो ग्राम स्थित रामाश्रय पासवान के पुराने मकान में कुछ लोग शराब का सेवन कर रहे हैं।ओपी थानाध्यक्ष ने बताया कि जैसे ही छापेमारी दल रामाश्रय पासवान के पुराने मकान के पास पहुंचा मकान के एक कमरे में चार व्यक्ति शराब पीते हुए पाए गए और पुलिस टीम को देखते ही वे लोग शराब की बोतल और गिलास फेंककर भागने लगे। पुलिस दल ने चारों व्यक्तियों को पकड़कर उनसे नाम-पता पूछा, तो उनके मुंह से शराब की गंध आ रही थी। पुलिस टीम ने उनसे कानूनी प्रक्रिया में सहयोग करने और ब्रेथ एनालाइजर मशीन से शराब की जांच कराने के लिए कहा परंतु चारों व्यक्तियों ने जोर-जोर से चिल्लाकर अपने आस-पास भीड़ एकत्रित कर ली और जमा भीड़ के साथ मिलकर पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में चारों व्यक्तियों ने भीड़ के साथ मिलकर पुलिस टीम पर जानलेवा हमला कर दिया जिसमें छह पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। इसी दौरान पुलिस दल ने वरीय पदाधिकारी को अतिरिक्त पुलिस बल की सहायता के लिए सूचित किया। घटनास्थल पर अतिरिक्त पुलिस बल के पहुंचने से पहले ही हमलावर फरार हो गए। घायल पुलिसकर्मियों को तत्काल निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने स्थानीय चौकीदार और ग्रामीणों की मदद से हमलावरों की पहचान की। इस घटना के संबंध में चेरो थाना में 27 नामजद और 40-50 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई।पुलिस द्वारा स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और विधि व्यवस्था की स्थिति सामान्य बनी हुई है।

एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी ने हिंदी दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया

संवाददाता

कोलकाता। एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी ने हिंदी दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें हिंदी भाषा और संस्कृति के प्रति गर्व और सम्मान को दशार्या गया। इस कार्यक्रम में कई सम्मानित अतिथि शामिल थे, जिनमें प्रसिद्ध लेखक और प्रोफेसर, डॉ. तारा दुग्गड़, विशेष अतिथि माननीय सचिव श्री जायदीप पाटवा, डॉ. जयीता गांगुली, एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी की प्रधानाचार्या, और जैन सभा के सदस्य शामिल थे।

स्कूल की प्रधानाचार्य, डॉ. जयीता गांगुली ने अपने संबोधन में भाषा के महत्व को रेखांकित किया और आधुनिक युग में भाषा के पतन पर चिंता व्यक्त की। उनके शब्दों ने श्रोताओं को प्रभावित किया और बोली विरासत को संरक्षित और सम्मानित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी के विद्यार्थियों ने इस अवसर पर सक्रिय रूप से हिस्सा लिया और हिंदी भाषा के इतिहास और विकास को उत्साही प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत बनाया। दिन भर में विभिन्न रंगीन कार्यक्रम हुए, जिनमें कविता पाठ, दोहे, गीत, और नृत्य प्रस्तुतियां शामिल थीं।

पुष्यमित्र उपाध्याय द्वारा रचित कविता सुनो द्रौपदी शास्त्र उठा लो का एक प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण महिला सशक्तीकरण के विचार को जगाया। इसमें एक नृत्य प्रस्तुति मिले सुर मेरा तुम्हारा भी शामिल थी, जिसमें एकता और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया।

एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम प्रेमचंद जी की आइकॉनिक कहानी इदगाह पर आधारित एक नाटक था, जो बड़ी भावना और श्रद्धा के साथ पेश किया गया। प्री-प्राइमरी और प्राइमरी सेक्शन के छोटे विद्यार्थियों ने भी ₹वर्णमाला गीतम नामक नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से अपनी आमंदक्ता प्रस्तुत की, जो हिंदी वर्णमाला की सुंदरता को दशार्ता था। एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी में हिंदी दिवस का आयोजन एक रंगीन और यादगार कार्यक्रम था, जिसमें हिंदी भाषा की समृद्ध विरासत को अर्थपूर्ण और मनोरंजक प्रस्तुतियों के माध्यम से दशार्या गया। स्कूल ने भाषा के महत्व को एकता और सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने के लिए सफलतापूर्वक दशार्या।

पुलिस उत्पीड़न का विरोध, तीन दिनों तक 'चक्का जाम' का आह्वान किया

संवाददाता

कोलकाता। ट्रक ड्राइवरों ने लगातार तीन दिनों तक 'चक्का जाम' का आह्वान किया है। कथित तौर पर, माल परिवहन करते समय उन्हें पुलिस और नागरिक पुलिस द्वारा उत्पीड़न का शिकार होना पड़ रहा है। इसके अलावा, कई जगहें अतिरिक्त पैसे वसूल रही हैं। उन्होंने ऐसी सात सूत्री शिकायत उठाकर इस माह तीन उत्पादों का परिवहन बंद करने का आह्वान किया है। आशंका है कि पूजा के मद्देनजर राज्य भर में माल की ढुलाई प्रभावित होगी। जिसका असर कारोबार पर पड़ेगा। फेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रक ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने जानकारी दी है कि 11, 12 और 13 सितंबर को ट्रक ड्राइवर पूरे राज्य में 'चक्का जाम' करेंगे। यह फैसला फेडरेशन के सभी सदस्यों ने 24 अगस्त को हुई बैठक में लिए थे। वे 72 घंटे के 'चक्का जाम' के फैसले पर अड़े हुए हैं। उनकी मांगें क्या हैं? प्रेस विज्ञप्ति में सात सूत्रीय मांग बताई गई। 1) ओवरलोड बंद करना होगा। 2) डार्क पार्टी, पुलिस और नागरिक पुलिस उत्पीड़न बंद होना चाहिए। 3) सड़क पर ट्रक चालकों से ऑनलाइन मुकदमों के जरिए पैसे की वसूली बंद की जाए। 4) राज्य में कुछ सड़कों पर अतिरिक्त शुल्क लगता है। इसे रोका जाना चाहिए। 5) गश्ती के नाम पर परिवहन विभाग के कर्मियों या अधिकारि ने परेशान कर रहे है। इसे रोका जाना चाहिए। 6) 15 साल की बजाय 20 साल तक ट्रक चलाने की अनुमति दी जाए। 7) भूमि एवं भू-राजस्व अधिकारियों का उत्पीड़न रोका जाए। अगर ट्रकों की हड़ताल लगातार तीन दिनों तक जारी रही तो राज्य भर में माल परिवहन प्रभावित होगा। व्यापार में भारी हानि होगी। अब देखना यह है कि राज्य सरकार इस हड़ताल को रोकने के लिए क्या कदम उठाती है।

भाजपा जिला प्रवक्ता पर हमला, अपराधियों की गिरफ्तारी में जुटी पुलिस

एजेंसी

भागलपुर। जिले के बबरगंज थाना क्षेत्र में पार्षद पति सह भाजपा नेता शशि मोदी पर अपराधियों ने हमला किया है। बताया जा रहा है कि शशि मोदी पर अपराधियों ने बम से हमला कर दिया। इसके बाद जैसे ही वह जमीन पर गिरे तो अपराधियों ने गले और सिर समेत शरीर के कई हिस्से में धारदार हथियार से हमला कर दिया। उनके साथी गोलू तिवारी पर भी हमला कर दिया गया। घटना में गम्भीर रूप से घायल पार्षद पति और उनके साथी को आनन फानन में जेएलएनएमसीएच में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है बीते रात करीब 12 बजे कई युवकों ने नशे में कुतुबगंज स्थित गणेश पूजा पंडाल पहुँचे। वहाँ महिलाओं पर फब्तियां कसने लगे। साथ ही एक युवक से फोन भी छीन लिया। पंडाल में मौजूद पार्षद पति ने यह देखा तो उसने नशेड़ियों को रोक लेकिन विवाद हो गया। इसके बाद अपराधियों ने शशि मोदी पर हमला कर दिया। अपराधी यहीं नहीं रुके उसने शशि मोदी के पिता के घर पर भी हमला कर दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत है। भागलपुर एसएसपी कार्यालय के हवाले से बताया गया है कि बबरगंज थाना अंतर्गत कुतुबगंज महादेव तालाब के पास गणेश पूजा का आयोजन किया गया है। बीते 08 सितंबर को मेला में लोदीपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले कुछ युवकों के द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। इस पर मेला के संयोजक एवं लोदीपुर थाना के युवकों के बीच नोंक झोंक हुई, जिसे वार्ड पार्षद के पति शशि मोदी एवं पूजा संयोजकों के द्वारा समझा बुझाकर मामला को शांत कर दिया गया। 09 सितंबर की रात्रि करीब 11:30 बजे चौधरीडीह के रहने वाले युवकों के द्वारा वार्ड परिषद के पति शशि मोदी एवं अन्य दो लोगों पर गणेश पूजा के मेले में जानलेवा हमला किया गया, जिससे वे लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये। बबरगंज पुलिस के द्वारा उन्हें तुरंत मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। बम से हमले जैसी बात गलत है।

एडमास यूनिवर्सिटी में एडुक्लेवः अनुभव का नवाचार से मिलन

कोलकाता। एडमास यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ एजुकेशन ने हाल ही में अपने प्रमुख कार्यक्रम, 'एडुक्लेव 2024 - व्हेयर एक्सपीरियंस मीट्स इनोवेशन' की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में कोलकाता के 25 से अधिक प्रमुख स्कूलों के प्रमुख प्रिंसिपल, निदेशक और शिक्षाविद् एक साथ आए। बी.एड. छात्रों को प्रेरित करने का लक्ष्य और शिक्षक शिक्षा में नवाचार को प्रोत्साहित करते हुए, एडुक्लेव 2024 में शैक्षिक नेतृत्व, उभरते रुझान और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के अनुरूप शिक्षण रणनीतियों पर चर्चा हुई। शिक्षा विद्यालय का योगदान और प्रतिभा तथा उत्कृष्टता पर उसका ध्यान चर्चा के केंद्र में थे। एडुक्लेव 2024 में स्कूल की 9वीं संपादित पुस्तक, 'मेंटल हेल्थ एंड स्टूडेंट वेल-बीइंग' का लॉन्च किया गया, जिसे प्रोफेसर (डॉ.) शाउली मुखर्जी और प्रोफेसर (डॉ.) कोप्पुला विक्टर बाबू ने संपादित किया है।

शैक्षणिक बांकुड़ा के ग्रामीण क्षेत्रों में एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) लैब स्थापित की गई

कई मॉडल बनाए हैं जो जीवन की विभिन्न समस्याओं का समाधान करेंगे

संवाददाता

कोलकाता। बांकुड़ा के सरस्वती देवी इंटरनेशनल स्कूल में पहली से बारहवीं कक्षा के छात्रों के उपयोग के लिए एक रोबोटिक्स और एआई लैब बनाई गई है। इस लैब का नाम 'कल्पना एआई और रोबोटिक्स इनोवेशन लैब' रखा गया है, जिसका नामकरण अंतरिक्ष में जाने वाली पहली भारतीय महिला कल्पना चावला के नाम पर किया गया है। न केवल लैब बनाई गई है, बल्कि इस शैक्षणिक सत्र में छात्रों ने इस लैब का उपयोग करके कई मॉडल बनाए हैं जो जीवन की विभिन्न समस्याओं का समाधान करेंगे। तेजी से बदलती तकनीक के साथ तालमेल बिठाने में छात्रों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसलिए स्कूल ने प्रारंभिक कक्षाओं से ही छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता से परिचित कराने का यह कदम उठाया है। २०१७ में स्थापित सरस्वती देवी इंटरनेशनल स्कूल, बांकुड़ा के दमोदरपुर में स्थित एक आवासीय विद्यालय है, जो छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है। यह स्कूल पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भारत के विभिन्न क्षेत्रों से छात्रों को आकर्षित करता है, जिनमें पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, असम, मणिपुर और त्रिपुरा शामिल हैं।

स्कूल में राइफल शूटिंग, तैराकी, कठिन समस्या समाधान और जापानी भाषा के पाठ सहित विभिन्न विषयों का पाठ्यक्रम प्रदान किया जाता है। नई रोबोटिक्स और एआई लैब ने स्कूल की क्षमताओं को और भी बढ़ा दिया है। सरस्वती देवी इंटरनेशनल स्कूल के अध्यक्ष पंकज कुमार सरकार ने कहा, ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षाओं के लिए भौतिकी, रसायन और जीवविज्ञान पढ़ाने के लिए उपयुक्त शिक्षक प्राप्त करने में अक्सर कठिनाई होती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के माध्यम से हम उस समस्या का अधिकांश समाधान कर सकते हैं। इसके अलावा, आने वाले समय के लिए एआई और रोबोटिक्स अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। छात्र भी इस विषय को सीखने में काफी रुचि रखते हैं। समय के साथ कदम मिलाने के लिए मैंने ही स्कूल में एआई लैब स्थापित करने का विचार सबसे पहले रखा था। इस विचार को आईआईटी खड़गपुर के पूर्व छात्र शुभमय बक्सी ने साकार किया है। एडुडाइम और स्टेमपावर्ड, जो आईआईटी खड़गपुर के पूर्व छात्रों द्वारा स्थापित दो कंपनियां हैं, ने इस लैब को बनाने में स्कूल की सहायता की है। एडुडाइम के सह-संस्थापक और सीओओ शुभमय बक्सी ने कहा, आईआईटी खड़गपुर में पढ़ाई के दौरान हमने कई प्रयोगात्मक काम किए। बाद में उन अनुभवों का उपयोग कॉर्पोरेट नौकरी करते समय हुआ। जब हमने शिक्षा के क्षेत्र में काम करना शुरू किया, तो महसूस हुआ कि यदि हम शुरूआत से ही व्यावहारिक शिक्षा पर जोर दें, तो इसका छात्रों को बहुत लाभ होगा। हम राज्य के विभिन्न सरकारी और निजी स्कूलों में छात्रों को रचनात्मक बनाने का प्रयास कर रहे हैं।₹ उन्होंने बताया कि अब उनका एआई और रोबोटिक्स कार्यक्रम बांकुड़ा के सरस्वती देवी इंटरनेशनल स्कूल में चल रहा है। इस कार्यक्रम का पहला मॉड्यूल पूरा हो चुका है। उनके द्वारा दी गई प्रशिक्षण के आधार पर छात्रों ने मॉडल तैयार किए हैं। वर्तमान में उन मॉडलों की प्रदर्शनी स्कूल में हो रही है। एआई का उपयोग करके विज्ञान की विभिन्न शाखाओं में किताबों में पढ़े गए विषयों के आधार पर मॉडल बनाकर छात्र बहुत खुश हैं।

जन सुराज अभियान की हुई बैठक, 11 वार्ड सदस्यों ने ली सदस्यता

एजेंसी

नवादा । जिले में हिसुआ विधानसभा क्षेत्र के सकरपुरा पंचायत के टोला नया नगर में जन सुराज अभियान की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जन सुराज के सदस्य इंजीनियर गोपाल कृष्ण ने जन सुराज अभियान के उद्देश्यों और इसकी महत्ता को सभा में उपस्थित सभी लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया। इन्होंने विस्तार से बताया कि जन सुराज किस प्रकार बिहार में जनता के सुन्दर राज की स्थापना के लिए कार्य कर रहा है और किस तरह यह आंदोलन जन-आकांक्षाओं पर आधारित है। बैठक के दौरान सकरपुरा पंचायत के 11 वार्ड सदस्यों ने जन सुराज की सदस्यता ग्रहण की और संगठन के साथ जुड़ने की प्रतिबद्धता जताई। इनमें प्रमुख रूप से सुनील चौहान, संतोष कुमार, शरवीन कुमार, नवीन कुमार, दीपक कुमार सहित अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। जन सुराज के उद्देश्यों का समर्थन किया और अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सकरपुरा पंचायत के नरेंद्र कुमार ने कहा कि जन सुराज के संदेश को अपने पंचायत के हर घर तक पहुंचाने के लिए वे प्रतिबद्ध हैं।

संक्षिप्त खबरें

जनपद स्तरीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता में जीजी हिंदू इंटर कालेज अव्वल

मुरादाबाद। माध्यमिक विद्यालयों की जनपद स्तरीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक/ जिला परियोजना अधिकारी मुरादाबाद के निदेर्शानुसार मंगलवार को जीजी हिंदू इंटर कॉलेज मुरादाबाद में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कुलदीप बरनवाल ने प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर किया तथा अच्छे प्रदर्शन के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में मेजबान विद्यालय जीजी हिंदू इंटर कॉलेज मुरादाबाद तथा एसएस इंटर कॉलेज मुरादाबाद की बैंड टीम ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने क्विक मार्च, स्लो मार्च तथा देशभक्ति गीतों की धुन पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। निर्णायक का दायित्व दिनेश चंद शर्मा, वीर सिंह तथा बंश बहादुर ने निभाया। प्रतियोगिता में सुंदर व आकर्षक प्रस्तुति देते हुए जीजी हिंदू इंटर कॉलेज के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि एसएस इंटर कॉलेज मुरादाबाद उपविजेता रहा। इस अवसर पर अरविंद मोहन पांडे, विकास कांत गुप्ता, महेश सिंह ,वीरेंद्र सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

यूएस ओपन से जल्दी बाहर होने के बाद डेविस कप के लिए तैयार कार्लोस अल्कराज

मैड्रिड। स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज इस सप्ताह के अंत में डेविस कप के ग्रुप चरण में स्पेन का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। स्पेन का कठिन ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, चेक गणराज्य और फ्रांस से मुकाबला होगा, जिसके मैच वालेंसिया में खेले जाएंगे। सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में, अल्कराज से यूएस ओपन में दूसरे दौर में निराशाजनक हार के बाद उनकी फिटनेस के बारे में पूछा गया। उन्होंने स्वीकार किया कि, न्यूयॉर्क में, वह उस स्तर पर खेलने में कामयाब नहीं हुए जो उन्हें पसंद था। उन्होंने कहा उस स्तर पर प्रदर्शन करना बहुत मुश्किल है जो आप हर दिन चाहते हैं, और आपको करना होगा चीजें जैसी भी आएं उन्हें स्वीकार करने के लिए तैयार रहें। अल्काराज ने कहा कि प्रशिक्षण में कमी और बहुत तीव्र गर्मी के कारण बाद उनमें तैयारी की कमी थी, उन्होंने जोर देकर कहा कि हालंकि अब वह ₹घर पर डेविस कप खेलने के लिए अच्छा और प्रेरित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा मानसिक रूप से मैं सुधार जारी रखने के लिए बहुत उत्सुक और प्रेरित हूं, और शारीरिक रूप से मैंने डेविस कप और जो आने वाला है।

प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 18 से, टेबिल टेनिस की भी होगी प्रतियोगिता



लखनऊ। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष पर राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 20 सितम्बर तक गोंडा में किया जाएगा। इसके लिए जिला और मंडल स्तर पर चयन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। वहीं कौशांबी में प्रदेश स्तरीय जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगी होगी। वहीं टेबिल टेनिस प्रतियोगिता 26 से 28 सितम्बर को अलीगढ़ में होगा। इस संबंध में खेल निदेशक डॉ. आर.पी. सिंह ने बताया कि शासन स्तर से खेलों पर विशेष बल दिया जा रहा है। इस माह प्रदेश स्तर पर तीन प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है। इसमें एक कौशांबी, दूसरा अलीगढ़ और तीसरा गोंडा में होगा। इस प्रतियोगिताओं में सभी मंडलों से प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इसके लिए पहले जिला स्तर पर चयन प्रक्रिया होनी है।

दलीप ट्रॉफी के दूसरे दौर के लिए टीमें घोषित

नई दिल्ली। एजेंसी

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 12 सितंबर से अनंतपुर में शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी के दूसरे दौर के लिए कुछ बदलावों के साथ टीमों की घोषणा कर दी है। मयंक अग्रवाल को इंडिया ए का कप्तान बनाया गया है। इंडिया ए के कप्तान शुभमन गिल, केएल राहुल, ध्रुव जुरेल, कुलदीप यादव और आकाश दीप को बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के लिए भारत की टेस्ट टीम में नामित किया गया है और वे आगामी दौर में शामिल नहीं होंगे। चयनकर्ताओं ने गिल के स्थान पर प्रथम सिंह (रेलवे), केएल राहुल के स्थान पर अक्षय वाडकर (विदर्भ सीए) और जुरेल के स्थान पर एसके रशीद (आंध्र सीए) को नामित किया है। बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी टीम में कुलदीप की जगह लेंगे, जबकि आकिब खान (यूपीसीए) आकाश दीप की जगह टीम में शामिल होंगे।

इंडिया बी में शामिल यशस्वी जयसवाल और ऋषभ पंत को भारत की टीम में नामित किया गया है और चयनकर्ताओं ने क्रमशः सुयश प्रभुदेसाई और रिंकू सिंह को प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया है। तेज गेंदबाज यश दयाल को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है, जबकि सरफराज खान को भी भारत की टीम में शामिल किया गया है। हालांकि वह दूसरे दौर के खेल में शामिल होंगे। हिमांशु मंत्री (मध्य प्रदेश सीए) को यश दयाल की जगह टीम में शामिल किया गया है। अक्षर पटेल टीम डी से भारतीय टीम में शामिल होंगे। उनकी जगह निशांत सिंधु (हरियाणा सीए) लेंगे। तुषार देशपांडे चोट के कारण दूसरे दौर से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह भारत ए के विदवथ कावेरप्पा लेंगे।

अपडेटेड इंडिया डी टीमः-

श्रेयस अय्यर (कप्तान), अथर्व तायडे, यश दुबे, देवदत्त पडिक्कल, रिकी भुई, सारांश जैन, अर्शदीप सिंह, आदित्य ठाकरे, हर्षित राणा, आकाश सेनगुप्ता, केएस भरत (विकेटकीपर), सौरभ कुमार, संजू सैमसन (विकेटकीपर), निशांत सिंधु, विदवथ कावेरप्पा। दूसरे दौर के लिए इंडिया सी टीम अपरिवर्तित रहेगी।

अपडेटेड इंडिया ए टीम :-

मयंक अग्रवाल (कप्तान), रियान पराग, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, तनुष कोटियन, प्रसिद्ध कृष्णा, खलील अहमद, अवेश खान, कुमार कुशाग्र, शास्वत रावत, प्रथम सिंह, अक्षय वाडकर, एसके रशीद, शम्स मुलानी, आकिब खान। अपडेटेड इंडिया बी टीमः अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), सरफराज खान, मुशीर खान, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, नवदीप सैनी, मुकेश कुमार, राहुल चाहर, आर साई किशोर, मोहित अवस्थी, एन जगदीसन (विकेटकीपर), सुयश प्रभुदेसाई, रिंकू सिंह, हिमांशु मंत्री (विकेटकीपर)।

फ्रेंच ओरिएंट एक्सप्रेस यॉट बाहर

नई दिल्ली। बार्सिलोना में चल रहे अमेरिका कप में सोमवार को दूसरे राउंड-रॉबिन श्रृंखला में रेसिंग के आखिरी दिन के बाद बाहर होने वाली छह उम्मीदों में से फ्रेंच ओरिएंट एक्सप्रेस यॉट पहली थी। अमेरिका कप एक नौकायन प्रतियोगिता है और किसी भी खेल में अभी भी संचालित होने वाली सबसे पुरानी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है। बार्सिलोना में खराब मौसम के कारण रविवार की रेस स्थगित होने के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना के लिए फ्रांसीसियों को जीत की जरूरत थी, लेकिन उन्हें ब्रिटेन की आईएनईओएस-ब्रिटानिया बोट ने हराया और छह-नौका समूह में दो राउंड रोबिन श्रृंखला में से केवल एक जीत के साथ अंतिम स्थान पर रहने के बाद बाहर हो गए। दिन की दूसरी दौड़ में स्विट्जरलैंड की अलिंगी रेड बुल रेसिंग नौका का सामना करने की तैयारी में कोर्स की सीमाओं से परे जाने के बाद इतालवी लूना रॉसा प्रादा पिरेली को अयोग्य घोषित कर दिया गया। स्विस को अब सेमीफाइनल में जगह मिल गई है, लेकिन अयोग्यता का मतलब है कि लूना रॉसा ने समूह में शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवा दिया।

पेरिस पैरालिंपिक से स्वदेश लौटने पर भारतीय दल का हुआ जोरदार स्वागत

नई दिल्ली। एजेंसी

पेरिस पैरालिंपिक में इतिहास रचने के बाद भारतीय दल आज नई दिल्ली लौट आया है। आईजीआई एयरपोर्ट पर ढोल-नगाड़ों और फूलमालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत हुआ। भारतीय दल ने पैरालिंपिक में 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य सहित 29 पदक जीते। ऐतिहासिक अभियान के समापन के बाद, भारत ने 2020 में टोक्यो में 19 पदक के अपने पिछले रिकॉर्ड पदक को पार कर लिया, जो टोक्यो 2020 पैरालिंपिक में हासिल किया गया था।

भारत इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता को 18वें स्थान पर रहा। पैरा-शूटर अवनि लेखरा दो पैरालंपिक स्वर्ण पदक हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला बनीं, वह 249.7 अंकों के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ अपने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 शूटिंग खिताब का बचाव करने में सफल रहीं। भारत ने पहली बार पैरा-एथलेटिक्स प्रतियोगिता में एक-द्वितीय स्थान दर्ज किया, जिसमें धरमबीर और परनव सूरमा ने पुरुषों की क्लब थ्रो एफ 51 स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। यह इस खेल में भारत के पहले पदकों में से एक था। धर्मबीर ने 34.92 मीटर का एशियाई रिकॉर्ड भी बनाया। टी64 ऊंची कूद स्पर्धा में, प्रवीण कुमार 2.08 मीटर की एशियाई रिकॉर्ड-तोड़ छलांग के साथ पोडियम के शीर्ष पर रहे, जिससे भारत को छठा स्वर्ण पदक मिला।

कुमाऊं विश्वविद्यालय शतरंज में छठी बार बना चैंपियन

हल्द्वानी। कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल पुरुष शतरंज टूनार्मेंट चाणक्य लॉ कॉलेज रुद्रपुर में आयोजित किया गया। इसमें रामनगर, खटीमा, हल्द्वानी, नैनीताल, हल्दूचैड़ के शतरंज खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में एमबीजीपीजी कॉलेज हल्द्वानी ने छठी बार चैंपियनशिप जीती। एमबीजीपीजी कॉलेज ने सेमीफाइनल में डीएसबी को 3-2 से तथा फाइनल में रामनगर महविद्यालय को 5-0 से पराजित किया। एमबीजीपीजी कॉलेज से आशुतोष सिंह खाती 1529 फिडे रेटेड, अमन सिंह मेहरा डीएसबी कॉलेज नैनीताल से मयंक बिष्ट, प्रियांशु बिष्ट और खटीमा से हिमांशु कुमार 1672 फिडे रेटेड पर कुमाऊं विश्वविद्यालय के लिए नॉर्थ जॉन टीम में चुना गया। एमबीपीजीपी कॉलेज हल्द्वानी के खिलाड़ियों में आदित्य कुशवाहा, आशुतोष सिंह खाती, मनीष फर्त्याल, जितेंद्र सिंह, अमन मेहरा ने भाग लिया।

महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए मायर, कैस्पर्क न्यूजीलैंड टीम में शामिल

वेलिंगटन। एजेंसी

न्यूजीलैंड ने संयुक्त अरब अमीरात में आगामी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज रोजमेरी मायर और ऑफस्पिनर लेघ कैस्पर्क को शामिल किया है। इस साल की शुरूआत में मार्च में इंग्लैंड के न्यूजीलैंड दौरे के टी20ई चरण के दौरान मायर को पीठ में चोट लग गई थी, जिससे वह बाद के एकदिवसीय मैचों और फिर जून-जुलाई में वापसी दौरे से बाहर हो गईं। दूसरी ओर, ऑफ स्पिनर कैस्पर्क ने इंग्लैंड की उस यात्रा के टी20ई चरण में एक साल के बाद न्यूजीलैंड में वापसी की, और वह विश्व कप में टीम के स्पिन रिजर्व को मजबूत करेंगी जो कि उनका चौथा विश्व कप होगा।

इस बीच, सोफी डिवाइन, जो टूनार्मेंट के बाद टी20ई कप्तानी छोड़ देंगी ने कहा, ₹महिलाओं के खेल के विकास में टी20 विश्व कप एक महत्वपूर्ण माध्यम रहा है और यह सोचना मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि जब से इसकी शुरूआत हुई है तब से मैं इसमें खेल रही हूं। उन्होंने कहा मैं वास्तव में विश्व स्तरीय टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के एक और अवसर की प्रतीक्षा कर रही हूं जो ट्रॉफी घर ले जाने की होड़ में हैं। मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा, ₹मैं वास्तव में इस टीम से खुश हूं, मुझे लगता है कि ये हमारे सर्वश्रेष्ठ 15 खिलाड़ी हैं जो संभावित विभिन्न परिस्थितियों के अनुकूल ढल जाएंगे। विश्व कप के लिए रवाना होने से पहले यही टीम 19 से 24 सितंबर के बीच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में भी खेलेगी। विश्व कप में न्यूजीलैंड मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में है। वे अपने दो अभ्यास मैच दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ खेलेंगे और 4 अक्टूबर को भारत के खिलाफ अपने विश्व कप अभियान की शुरूआत करेंगे।

न्यूजीलैंड की टीम : सोफी डिवाइन (कप्तान), सुजी बेट्स, एडेन कार्सन, इजी गेज (विकेटकीपर), मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, फ्रैन जोनास, लेह कैस्पर्क, जेस केर, मेली केर, रोजमेरी मायर, मौली पेनफोल्ड, जॉर्जिया प्लिमर, हन्नाह रोवे, ली ताहुहु।

डीएएस प्रीमियर लीग 26 सितंबर से होगी शुरू

नयी दिल्ली। अंबेडकर स्टेडियम में 15 सितंबर से खेली जाने वाली तीसरी डीएसए प्रीमियर लीग अब 26 सितंबर से शुरू होगी और सीएमएस की अंतिम तिथि बढ़ाकर 20 सितंबर तक कर दी गई है। जारी विज्ञप्ति के अनुसार लीग में भाग लेने वाले राजधानी के शीर्ष 12 क्लबों में से अधिकांश ने तैयारियों को लेकर मैचों के आयोजन की तिथि आगे बढ़ाने का आग्रह किया था जिसे स्वीकार कर लिया गया है। लीग आयोजन समिति के अनुसार गत विजेता गढ़वाल हीरोज एफ सी, रॉयल रेंजर्स, पहली लीग की विजेता वाटिका एफसी, सीआईएसएफ प्रोटेक्टर्स, सुदेवा दिल्ली एफसी, फ्रैंड्स यूनाइटेड, इंडियन एयरफोर्स न्यू दिल्ली, दिल्ली एफसी, तरुण सांघा और सीनियर डिवीजन से प्रोमोट हुई हिंदुस्तान एफसी, नेशनल यूनाइटेड एफसी और यूनाइटेड भारत एफसी भाग लेने वाली नामवर टीमें हैं। मुकाबले डबल लेग आधार पर खेले जाएंगे और इस दौरान कुल 132 मैचों होंगे। आयोजकों के अनुसार इस बार लीग मुकाबले कड़ी सुरक्षा में खेले जाएंगे और किसी भी प्रकार की अनियमितता और अव्यवस्था से निपटने के लिए पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। पिछले संस्करण में कुछ टीमों पर नियमों के उल्लंघन और मिली भगत के आरोप लगे थे।

जिला स्तरीय वॉलीबाल में रामचंद्र कॉलेज की टीम विजयी

मुरादाबाद। एजेंसी

रामचन्द्र शर्मा कन्या इंटर चंद्रनगर मुरादाबाद में मंगलवार को वॉलीबाल बालिका की जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के फाइनल मैच सम्पंन हुए। इसमें अंडर-17 में फाइनल मैच रामचन्द्र शर्मा कन्या इंटर कॉलेज और कौशल्या इंटर कॉलेज के बीच हुआ। रामचन्द्र शर्मा कन्या इंटर कॉलेज की टीम विजयी रही। साथ ही अंडर-14 में किसी विद्यालय के प्रतिभागी न होने के कारण संकुल रामचंद्र शर्मा कन्या इंटर कॉलज की टीम को विजयी घोषित किया गया। निर्णायक मंडल में संगीता चौधरी, ममता और कल्पना रहीं। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य हेमलता, खेल प्रभारी शबाना परवीन, लक्ष्मी चौहान, राखी, कल्पना आदि अध्यापिकाओं की मौजूदगी रही।

- निर्णायक मंडल में संगीता चौधरी, ममता और कल्पना रहीं

वाणिज्य

सोना महंगा होने की आशंका से सितंबर में ही शुरू हुई शादियों की खरीदारी

दीपावली तक नए शिखर पर पहुंच सकता है सोना का भाव

नई दिल्ली। एजेंसी

इंटरनेशनल मार्केट में सोने के भाव में आए उछाल और घरेलू शेयर बाजार में भी सोने के नए शिखर पर पहुंचने की संभावनाओं की वजह से इस साल सितंबर में ही सोने की खरीदारी में तेजी आ गई है। नवंबर में शुरू होने वाले शादी के सीजन के लिए अभी से ही ज्वेलर्स के पास एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। दावा किया जा रहा है कि सितंबर के महीने में गोल्ड ज्वेलरी की बिक्री और एडवांस बुकिंग में 50 प्रतिशत तक की तेजी आ गई है। उल्लेखनीय है कि देश में फिलहाल 24 कैरेट सोना 73 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के आसपास कारोबार कर रहा है। मार्केट के एक्सपर्ट्स का अनुमान है कि दीपावली और उसके बाद शादी का सीजन शुरू होने पर सोना 76 हजार रुपये के स्तर को भी पार कर सकता है। गणेश चतुर्थी के साथ ही देश में फेस्टिवल सीजन की शुरूआत भी हो गई है। हालांकि इस बीच श्राद्ध यानी पितृ पक्ष का पखवाड़ा भी आएगा। इस पखवाड़े में सोने की खरीदारी में कुछ कमी जरूर आती है, लेकिन इसके बाद नवरात्रि की शुरूआत हो जाएगी। इसके साथ ही सोने की खरीदारी में भी तेजी आ जाएगी।

जानकारों क्या कहना है कि फेस्टिवल सीजन में आमतौर पर सोने के निवेश के प्रति लोगों का रुझान बढ़ जाता है। ऐसे में शादी के सीजन के लिए गोल्ड मार्केट में फ्रेश बुकिंग होने से सोने के भाव में और तेजी आने की संभावना बनी हुई है। दिल्ली सराफा बाजार के कारोबारी सुधांशु बंसल का कहना है की दिवाली के आसपास हर साल सोने के भाव में तेजी आ जाती है, क्योंकि पारंपरिक तौर पर लोग धनतेरस या दिवाली के दिन सोने की खरीदारी करना शुभ मानत हैं। दिवाली के बाद शादी का सीजन शुरू हो जाता है, जिसमें सोने की मांग और बढ़ जाती है।

ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत

नई दिल्ली। ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान एक प्रतिशत से अधिक की मजबूती के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान खरीदारी का माहौल बना रहा। वहीं एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। डाउ जॉन्स 1 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 1.35 प्रतिशत की छलांग लगा कर 5,480.98 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया

एलायंस एयर 01 अक्टूबर से बेंगलुरु उड़ान का संचालन टर्मिनल-2 पर करेगी स्थानांतरित

नई दिल्ली। एलायंस एयर अपने बेंगलुरु उड़ान का संचालन 01 अक्टूबर, 2024 से केम्पेगौड़ा अंतरराष्?ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) के टर्मिनल 1 से टर्मिनल 2 पर स्थानांतरित करेगी। एयरलाइन ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि सभी यात्रियों को सूचित किया जाता है कि एक अक्टूबर, 2024 से एलायंस एयर के उड़ान का संचालन बेंगलुरु केआईए हवाई अड्डे पर टर्मिनल 1 से टर्मिनल 2 पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। कंपनी ने कहा कि अधिक जानकारी के लिए, कृपया ६६६.ॅल्लूँ१.ल्ल पर जाएं, या 044 42554255 या 044 3511 3511 पर संपर्क करें। दरअसल केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का टर्मिनल-1 इंडिगो, अकासा एयर, एलायंस एयर और स्पाइसजेट की घरेलू उड़ानों के लिए परिचालन केंद्र है, जबकि टी2 एयरएशिया, एयर इंडिया, स्टार एयर और विस्तारा की घरेलू उड़ानों के साथ-साथ सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए विशेष केंद्र है।

शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

नई दिल्ली। एजेंसी

घरेलू शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान बिकवाली का दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी, लेकिन बाजार खुलने के थोड़ी देर बाद ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। पहले घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से डिवीज लेबोरेट्रीज, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन और एलटी माइंडट्री के शेयर 3.36 प्रतिशत लेकर 0.93 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, एचडीएफसी लाइफ, बजाज फिनसर्व, श्रीराम फाइनेंस और बजाज फाइनेंस के शेयर 3.10 प्रतिशत से लेकर 1.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,306 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,826 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 480 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 12 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 18 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 19 शेयर हरे निशान में और 31 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

डीजीपी साहू ने पुलिसकर्मियों की पीठ थपथपातें हुए बढ़ाया उनका मनोबल

डीजीपी ने पांच साल की बालिका को अपहरणकर्ता के चंगुल से छुड़ाने वाले हैड कॉन्स्टेबल हरिराम व कांस्टेबल मुनेश को किया सम्मानित

हरिराम को 15 हजार व मुनेश को 10 हजार नकद पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र देकर की हौसलाफजाई

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 10 सितम्बर। महानिदेशक पुलिस (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने कोटपूतली जिले के गांव ना-रेडा से गत रविवार को अगवा की गई 5 साल की बालिका को अपहरणकर्ता के चंगुल से सकुशल छुड़ाने और आरोपी को दस्तयाब करने के लिए सजगता और कर्त्तव्यपराणता का परिचय देने वाले नीम का थाना के दो पुलिसकर्मियों हैड कांस्टेबल हरि राम एवं कांस्टेबल मुनेश को नकद पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है साहू ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में नीम का थाना जिले में थाना सदर के अंतर्गत चौकी टोड़ा के इंचार्ज हैड कांस्टेबल हरि राम को 15 हजार नगद व पुलिस महानिदेशक प्रशंसा पत्र व कांस्टेबल मुनेश को 10 हजार नगद व पुलिस महानिदेशक प्रशंसा पत्र प्रदान किए। डीजीपी साहू ने इस अवसर पर दोनों पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि कर्तव्य निष्ठा के साथ मेहनत करते हुए बालिका व अपहरणकर्ता को दस्तयाब करने में दोनों पुलिसकर्मियों महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, वह अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने हरिराम एवं मुनेश को आगे भी इसी प्रकार

पूरी मुस्तैदी से कार्य जारी रखने के लिए प्रेरित करते हुए उनकी हौसलाअफजाई की। इस मौके पर आईजी पुलिस जयपुर रेंज अनिल कुमार टांक भी मौजूद रहे।जयपुर रेंज आईजी टांक ने बताया कि कोटपुतली जिले के ग्राम नार-ेडा से 8 सितम्बर को 5 साल की बालिका के अपहरण की सूचना प्राप्त होने पर एसपी वंदिता राणा के निर्देशों पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेमसिंह के नेतृत्व में वृत्ताधिकारी राजेंद्र, एसएचओ कोटपूतली राजेश, एसएचओ सरुण्ड इमरान व एसएचओ पनियाला मोहरसिंह को मय जाब्ता के बालिका की सघन तलाश में लगाया गया।अपहरण की सूचना पर तुरंत हर तरफ नाकाबंदी कराई गई। बालिका की तलाश में लगी टीम द्वारा घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों को गहनता से चैक किया गया। सीसीटीवी फुटेज से एक अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल पर बालिका को पाटन की तरफ ले जाता हुआ पाया गया। जिस पर पाटन रोड के सीसीटीवी फुटेज को चैक किया गया तथा अज्ञात व्यक्ति के हुलिए व बालिका के उम्र से पुलिस थाना पाटण व नीम का थाना पुलिस को अवगत कराया गया। पुलिस थाना नीम का थाना सदर की तरफ जाने वाले रास्तों पर सख़्त नाकाबंदी करवाई गई तथा जिला कोटपूतली से लगायी गयी टीमें बालिका व अपहरणकर्ता की तलाश में लगी रही व सीसीटीवी चैक करते हुए पीछा करती रही। दौराने तलाश पुलिस थाना नीमकाथाना सदर के एसएचओ के निर्देश पर पुलिस चौकी टोडा के इन्चार्ज हैड कांस्टेबल हरि राम व कांस्टेबल मुनेश द्वारा भी अपने क्षेत्र में नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध को देखे जाने पर हैड कांस्टेबल हरिराम व कांस्टेबल मुकेश द्वारा अपहरणकर्ता को पकड़ने का प्रयास किया गया, इसी बीच अपहरण कर्ता बालिका व मोटरसाइकिल को छोड़कर पहाड़ियों में भाग गया। दोनों पुलिसकर्मियो ने समझबूझ का परिचय देते हुए ग्रामीणों से सहयोग लिया। फिर पहाड़ी पर चढ़कर अपहरणकर्ता का स्थानीय नागरिकों की मदद से पीछा कर बालिका को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की। वहीं दोनों पुलिसकर्मियों ने अपहरणकर्ता महावीर गुर्जर निवासी लाखा की नांगल पुलिस थाना हरसोरा को भी गिरफ्त में ले लिया।

संक्षिप्त समाचार

शक्ति वंदन 2.0

- अन्याय का संहार करो, शक्ति तुम ललकार करो

महापौर ने महारानी कॉलेज की छात्राओं को सिखाये आत्मरक्षा के गुर

- खुद ने भी पंच मारकर सिखाया छात्राओं को आत्मरक्षा का तरीका
- शक्ति वंदन 2.0 के तहत महारानी कॉलेज में शुक्रवार को आयोजित हुआ द्वितीय सत्र
- मार्शल आर्ट एक्सपर्ट, मोटिवेशनल स्पीकर्स, एडवोकेट्स ने की एक मंच से महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा

चमकता राजस्थान। जयपुर। नगर निगम ग्रेटर द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को मानसिक, सामाजिक, शारीरिक, डिजीटली रूप से मजबूत करने, उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के लिये विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाये जा रहे है। इन शिविरों के तहत शुक्रवार को महारानी कॉलेज में शक्तिवंदन 2.0 के तहत द्वितीय सत्र आयोजित किया गया। महारानी कॉलेज में आयोजित किये गये इस सत्र में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाये गये साथ ही मोटिवेशनल स्पीकर्स द्वारा आत्मविश्वास बढ़ाने के तरीके भी सिखाये। एडवोकेट द्वारा कानूनी प्रावधानों के बारे में भी बताया गया।महापौर डॉ सौम्या गुर्जर ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि हम सब के अन्दर शक्ति है बस आवश्यकता उसे जागृत करने की है। अपने हाथों को अस्त्र-शस्त्र बनाकर शक्ति वंदन के माध्यम से हर महिला, बेटी योद्धा बने। महिलाओं को अब ललकार बनने की आवश्यकता है अगर महिलाओं ने ठान लिया तो कुछ भी मुश्किल नहीं है। महिला एवं बाल विकास समिति चैयरमेन डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि ईश्वर ने नारी को शक्ति देकर ही भेजा है। सोशल मीडिया के माध्यम से अपडेट रहिये। मार्शल आर्ट सिखिये और अपनी सुरक्षा में नख से सिख तक का उपयोग कीजिये। विपरित परिस्थितियों में अपने विवेक का उपयोग करते हुये निर्णय लीजिये। महारानी कॉलेज की प्राचार्य प्रो0 निमाली सिंह ने भी छात्राओं को सम्बोधित किया और शक्ति वंदन 2.0 के माध्यम से आत्मरक्षा प्रशिक्षण लेने के लिये प्रेरित किया। मोटिवेशनल स्पीकर मोनिका पालीवाल ने ''मै किसी को छेड़ती नहीं अगर छेड़ दे तो छोड़ती नहीं'' कविता सुनाकर छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। शिविर में एडवोकेट इतिक्षा शर्मा, स्वाति अग्रवाल, मनोवैज्ञानिक वितिक्षा शर्मा ने भी अपने विचार रखे।

युवा समाजसेवी राजेश मंडोवरा ने जन्मदिवस पर दिया सकारात्मक संदेश

- समाजसेवी और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों किया आयोजन
- जरूरतमंद 50 लोगों को घर की बनी रसोई में भोजन कराया
- मरीजों को उपजिला राजकीय चिकित्सालय में बाटे फल

चमकता राजस्थान। शाहपुरा (खलील कुरैशी)। कस्बा निवासी समाजसेवी शाहपुरा युवा विकास समिति के अध्यक्ष राजेश मंडोवरा ने मंगलवार को अपने घर की बनी रसोई में क्षेत्र के 100 लोगों को निशुल्क भोजन करवाया मंडोवरा ने कहा कि निर्धन व जरूरतमंद लोगों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है क्षेत्र में कई लोग ऐसे हैं जिनके पास एक समय का पेट भरने के लिए पर्याप्त मात्रा में भोजन नहीं है काम धंधा नहीं होने की वजह से खाने पीने की समस्या आ रही है ऐसे लोगों की मदद करना नेक कार्य है उन्होंने राजकीय उप जिलाचिकित्सालय में मरीजों को भी फल वितरित किया इस मौके पर पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल, समाजसेविका सविता बेनीवाल, नगर पालिका अध्यक्ष बंशीधर सैनी,प्रधान मंजू शर्मा, वार्ड पार्षद पुनीत कुमार भगेरिया, राम सहाय बाजिया, भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष राजेश पलसानिया, समाजसेवी गिरधारी गोरा दैनिक चमकता राजस्थान के संपादक खलील कुरैशी सहित कई लोगों ने मंडोवरा का साफा,माला व स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन भी किया।

अज्ञात बाइक सवार ने राहगीर युवक में मारी गोली

राह सवार हुआ गंभीर रूप से घायल जिला अस्पताल किया रेफर

- नदबई में नहीं है लॉयन आर्डर का कोई डर

चमकता राजस्थान

नदबई (राजवीर सिंह) में सोमवार रात को लुहासा बायपास के पास अज्ञात बाइक सवार बदमाश ने एक युवक को पैर में गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बदमाश घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया। घायल युवक को तुरंत राजकीय उप जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल

रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और नाकाबंदी कर बदमाश का सुराग लगाने का प्रयास किया, लेकिन वह पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका। एएसआई योगेश ने बताया कि गांव लुहासा निवासी शिब्बो जाटव पुत्र किशन सिंह लु-हासा बायपास पर पैदल घूम रहा था। बायपास चौराहे के पास एक अज्ञात बाइक सवार बदमाश ने शिब्बो के पैर में कट्टे से गोली मार दी। गोली लगते ही शिब्बो सड़क पर गिर गया, जबकि आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना को देखकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल युवक को अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और बदमाश की तलाश के लिए नाकाबंदी की, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और बदमाश को पकड़ने के प्रयास जारी है।

शासन सचिव, पर्यटन रवि जैन ने मंगलवार को किशनपोल बाज़ार स्थित विरासत संग्रहालय का किया दौरा

संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी)10 सितम्बर। पर्यटन विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने मंगलवार को किशनपोल बाज़ार स्थित विरासत संग्रहालय और हवामहल स्मारक का दौरा किया। उन्होंने जल महल का भी दौरा कर वहां सौंदर्यकरण, बोटिंग और वाटर लेजर शो के लिए संभावनाओं को समझा और अधिकारियों के साथ चर्चा की।इस दौरान पर्यटन सचिव ने विरासत संग्रहालय की रूफ़ पर रेस्टोरेंट बनाने की सम्भावनाओ पर अधिकारियों से विचार विमर्श किया। वहीं हेरिटेज

वॉक के रास्ते का निरीक्षण कर हवा महल को अंदर से देखा। उन्होंने विशेष तौर पर विभिन्न दरवाजो पर बैतरतीब लगे वायर, केबल को देखकर उनको व्यवस्थित करने के निर्देश दिए जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को असुविधा न हो। रवि जैन ने न्यू गेट के बाहर अजमेरी गेट की तर्ज पर पर्यटन की दृष्टि से विकास कार्य किये जाने संभावनाओं लिए मौका मुआयना किया।इस दौरान स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक सुराणा, पुरातत्व विभाग के निदेशक डॉ. पंकज धरेंद्र, पर्यटन विभाग के अतिरिक्त निदेशक राकेश शर्मा, पर्यटन विभाग के उप निदेशक उपेन्द्र सिंह शेखावत, हवामहल स्मारक की अधीक्षक सरोजनी चँचलानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

डीजीपी डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा के निर्देशन में एसीबी कर रहा भ्रष्टाचारीयों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई

- वाणिज्य कर विभाग के संयुक्त आयुक्त जैन को एसीबी ने आठ लाख रुपए की घूस लेते गिरफ्तार
- आरोपी के आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी

चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी) भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की उदयपुर (इंटेलिजेंस) टीम ने वाणिज्य कर विभाग उदयपुर के संयुक्त आयुक्त रवीन्द्र जैन को परिवादी से आठ लाख रुपए की घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम आरोपी के आवास एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की उदयपुर (इन्टेलिजेंस) इकाई को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके रिसोर्ट का जीएसटी टीम ने सर्वे किया था। उस सर्वे रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई नहीं करने और आईटीसी क्लेम का फायदा करवाने की एवज में आरोपी जैन संयुक्त आयुक्त वाणिज्यकर विभाग, उदयपुर परिवादी से आठ लाख रुपए की घूस मांगकर परेशान कर रहा है। शिकायत पर एसीबी उदयपुर के डीआईजी राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरविजन में एसीबी की उदयपुर (इन्टेलिजेंस) टीम ने शिकायत का सत्यापन कर आरोपी जैन को परिवादी से आठ लाख रुपएलेते गिरफ्तार कर लिया। घूस के दिए आठ लाख रुपए की रकम में एक लाख रुपए प्रचलित मुद्रा और सात लाख रुपए डमी करंसी) थी। मामले में अन्य अधिकारी व कर्मचारियों की भूमिका की जांच की जा रही है। एसीबी की अतिरिक्तमहानिदेशक पुलिस श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्रवाई जारी है।

लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण करने सहित आवश्यक निर्देश दिए

अति. जिला कलक्टर ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

चमकता राजस्थान

चित्तौड़गढ़ (बाबू अग्नानी)। अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू अ) सुरेंद्र सिंह पुरोहित ने मंगलवार को जिला परिषद् सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं समीक्षा की। बैठक में उन्होंने एक एक कर विभागीय कार्यों, बजट घोषणाओं, डीएमएफटी के अंतर्गत कार्यों, भूमि आवंटन आदि की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर आए परिवादों का भौतिक सत्यापन करने की निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को बारिश की वजह से हुए विभिन्न नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पीडब्ल्यूडी, यूआईटी, नगर परिषद को बारिश में क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के नुकसान का आंकलन करने एवं आवश्यक पेंच वर्क, मरम्मत करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय के बाहर लोक सूचना, सेवाओं का विवरण संबंधित बोर्ड लगाने, परिवादो के संबंध में रसीद बुक रखने, कार्यालय को सुव्यवस्थित रखने आदि निर्देश दिए। उन्होंने बजट घोषणाओं के अंतर्गत भूमि आवंटन के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न विभागों से संबंधित उद्घाटन व शिलान्यास की सूचना भिजवाने के निर्देश दिए।अतिरिक्त जिला कलक्टर ने रात्रि चौपाल में आए परिवादों, उनके समाधान, उल्लेखनीय कार्यों की सक्सेस स्टोरी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से कहा कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए औषधियों की पर्याप्त मात्रा रखी जाए। उन्होंने नगर परिषद को शहर में फॉगिंग करवाने के निर्देशित दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय अधीक्षक अपने अधीनस्थ कार्यालयों का समय समय पर औचक निरीक्षण कर कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति व व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त अधिकारियों को आवश्यक रूप से राजकाज पर ई-फाइलिंग, पेंडिंग फाइलों का समय पर निस्तारण करने, संपर्क पोर्टल पर शिकायतों का निस्तारण के निर्देश दिए। इसी प्रकार ला-इट्स पोर्टल पर पेंडिंग केस का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में एवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता एस के सिंह ने पीएम सूर्य घर योजना और कुसुम योजना की जानकारी दी और इसका लाभ उठाने के लिए आमजन को प्रेरित करने को कहा।बैठक में समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक अशिन शर्मा ने जिला स्तर पर प्रस्तावित इन्वेस्टमेंट समिट के बारे में जानकारी दी।बैठक में डीएफओ विजय शंकर पांडे, कोषाधिकारी दिग्विजय सिंह झाला, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक राजेंद्र सिंघल, डीपीएम राजीविका डॉ महेंद्र मेहता, एस ई पीडब्ल्यूडी बालेंद्र सिंह, पीएचईडी अधीक्षण अभियंता सुनीत कुमार सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929